सनातन धर्म में पर्व, उत्सव व अनुष्ठान वैज्ञानिकता व आध्यात्मिकता का अदभुत समन्वय होते है। सनातन धर्म में कुम्भ का पर्व समूचे विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक सम्मलेन है, इस वर्ष 2025 में महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की पवित्र भूमि पर हो रहा है, जिसका आधार पूर्णतया वैज्ञानिक व खगोल विज्ञान एवं ज्योतिष विज्ञान के अदभुत समन्वय व आध्यात्मिकता से ओतप्रोत है। संगम में पवित्र डुबकी लगाने से व्यक्ति मनोवैज्ञानिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा से पूर्ण होकर आध्यात्मिक उन्नति करता है। ज्योतिषीय आधार पर यह उत्सव, सूर्य चन्द्र व गुरू की विशेष स्थितियों पर निर्भर होता है। यह आयोजन न केवल विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक सम्मेलन है अपितु आध्यात्मिकता से ओतप्रोत गूढ़ रहस्यमयी विज्ञान है। पूरे विश्व से आये हुये कई करोड़ो (लगभग 66 करोड़) श्रद्धालुओं ने इस बार प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाई। ग्रहों की विशिष्ट स्थिति से हमारे भूखण्ड के विशेष भाग के जल और वायु में सकारात्मक ऊर्जा स्तर अच्छा हो जाता है जो आध्यात्मिक विकास के लिए एक आदर्श वातावरण को निर्मित करता है। आर्थिक रूप से भी मानव विकास में सहयोग देने में महाकुम्भ का पर्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले इस वर्ष के लिए प्रधानमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुल 5500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया, लगभग 4000 हैक्टेयर में फैले प्रयागराज में आयोजित होने वाला ये महाकुम्भ का पर्व 144 वर्षों के बाद आने वाले सुखद संयोग के कारण कई करोड़ो श्रद्धालुओं की विशेष आस्था के कारण निश्चित रूप से विश्व का सबसे बड़ा धार्मिकता व वैज्ञानिकता से परिपूर्ण मानव समागम बना।

कुम्भ का पर्व भारत की विविधता में एकता का जीवन्त उदाहरण है। कुम्भ यह आयोजन सनातन संस्कृति में व्यक्ति को आत्म अनुसंधान के पथ पर अग्रसर कर मनोवैज्ञानिक रूप से उसे सकारात्मक मानसिक ऊर्जा से पुष्ट करते हुये उसके आध्यात्मिक उत्थान में सहायक होता है। कुम्भ का वैज्ञानिक व आध्यात्मिक रहस्य– कुम्भ पूर्व पर मेलो का आयोजन भारत भूमि में जिन चार जगहों पर आयोजित किया जाता है वे प्रयागराज (उ0प्र0), उज्जैन (म0प्र0), हरिद्वार (उत्तराखण्ड) व नासिक (महाराष्ट्र) है। प्राचीन ऋृषियों ने पृथ्वी पर ऐसी जगहों को चुना जहां आकाश में होने वाली घटनाओं की विशेष स्थिति में वहां की जलवायु पर प्राकृतिक रूप से प्रभाव पड़ता है। कुम्भ का आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष में किया जाता है जिसमें खगोल, ज्योतिष, व धर्म विज्ञान का सामन्जस्य होता है। माना गया है कि इस बार महाकुम्भ 12 पूर्णकुम्भ पूर्ण हो जाने पर अर्थात् 144 वर्षों बाद आयेाजित हो रहा है। इन खगोलिया घटनाओं में सूर्य, बृहस्पति एवं चन्द्रमा की स्थिति की प्रमुख भूमिका होती है। उस खगोलीय स्थिति में जब सूर्य मकर राशि में है और बृहस्पति वृष राशि में स्थित रहे तब प्रयागराज में महाकुम्भ का आयोजन होता है और पूरे ब्रहमाण्ड में विशेष ऊर्जा का प्रवाह होता है। इस समय पृथ्वी और ग्रहों की स्थिति में परिवर्तन के कारण मानव मन पर इन खगोलीय घटनाओं के दौरान विशेष प्रभाव पड़ता है क्योंकि उस समय विशेष स्थानों पर चुम्बकीय क्षेत्र सक्रिय हो जाता है जिसके कारण मानव अपनी अंतः चेतना को ध्यान, योग व साधना के माध्यम से उच्चतम स्थिति में ले जाने के योग्य हो जाता है।

**सूर्य, गुरू व चन्द्र की विशेष स्थिति का प्रभाव–** पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र मंथन के समय अमृत कुम्भ निकलने पर दानवों द्वारा देवताओं से अमृत कलश छीनने का प्रयास किया गया, उसी समय देवराज इन्द्र का पुत्र जयंत उस अमृत कलश को लेकर चल दिया यह 12 दिनों की अवधि में देव व दानवों में संघर्ष चला यह 12 दिव्य दिन 12 वर्षो की अवधि है। दानवों ने इन 12 दिनों में 4 बार अमृत कुम्भ छीनने का प्रयास किया, उस समय सूर्य, चन्द्र व गुरू (वृहस्पति) ने अमृत कुम्भ की रक्षा की परन्तु अमृत की कुछ बूंदे छलककर पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन में गिरी थी। इन्हीं चारो स्थानों पर कुम्भ स्नान का आयोजन, सूर्य चन्द्र, व गुरू का विशेष राशियों में स्थित होने पर किया जाता है, जो 12 वर्ष के अन्तराल पर पूर्ण कुम्भ व 06 वर्ष की मध्यावधि में अर्धकुम्भ के रूप में आयोजित होता है। 12 पूर्ण कुम्भ के पश्चात् अर्थात् 144 वर्ष उपरान्त महाकुम्भ का आयोजन इस बार 2025 में प्रयागराज में हुआ है। कुम्भ के पर्व का योग प्रत्येक स्थान पर निर्धारित करने की वैज्ञानिक गणना निम्नवत् है–

1. प्रयागराज–जब सूर्य मकर राशि में गुरू वृषभ राशि में होते है तब प्रयागराज में, तथा चन्द्र भी मकर राशि पर स्थित होने पर अमावस्या तिथि पर त्रिवेणी संगम तट पर विशेष स्नान पर्व मौनी अमावस्या भी आयोजित होता है।

**अनुरूपी लेखक/ संयुक्त लेखक**

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

2. उज्जैन– जब सूर्य मेष राशि में और गुरू सिंह राशि में हो तब उज्जैन में शिप्रा के तट पर कुम्भ आयोजित होता है।

3. हरिद्वार– जब सूर्य मेष राशि में और गुरू कुम्भ राशि मे हो तब हरिद्वार में गंगा तट पर कुम्भ पर्व होता है।

4. नासिक– जब सूर्य सिंह राशि में गुरू भी सिंह राशि में हो जाये तब नासिक में गोदावरी तट पर कुम्भ पर्व आयोजित होता है।

अतः कुम्भ केवल भारतवर्ष के लोगों के लिए ही आस्था का पर्व नहीं रहा अपितु विदेशी श्रद्धालु भी आस्था के अलौकिक व अदभुत दिव्य कुम्भ से प्रभावित हुये बिना नहीं रहे। प्रसिद्ध चीनी यात्री हेवनसांग ने अपनी भारत यात्रा में कुम्भ मेले की अद्वितीयता का उल्लेख किया है। उसने लिखा है, राजा हर्षवर्धन प्रत्येक पांच साल बाद नदियों के संगम पर एक बड़ा आयोजन करते थे, जिसमें अपना पूरा कोष गरीबों और धार्मिक लोगों को दान कर देते थे। इससे पता चलता है कि विदेशी लोग सदैव से ही सनातन संस्कृति के प्रशंसक रहे हैं। वर्तमान 2025 में प्रयागराज में आयोजित हो रहे, महाकुम्भ में लगभग 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं में केवल भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी हजारों श्रद्धालु आकर संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके है।

आध्यात्मिक रहस्य–कुम्भ का आध्यात्मिक रहस्य हमारे ग्रंथो में बताया गया है। वाल्मीकि रामायण में राम के वनवास काल के समय मे ऋषि भारद्वाज जी द्वारा उन्हें संगम के पवित्र स्थान को निवास के लिए उत्तम बताया गया। इसी प्रकार गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा प्रयागराज के आध्यात्मिक महत्व को रामचरितमानस में इस प्रकार बताया गया–

*माघ मकरगत रवि जब होई। तीरथ पतिहि आव सब कोई।।*
*देव दनुज किन्नर नर श्रेणी। सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।।*
*पूजहिं माधव पद जल जाता। परसि अछैवट हरषहिं गाता।।*
*भरद्वाज आश्रम अति पावन। परम रम्य मुनिवर मन भावन।।*
*तहां होइ मुनि रिसय समाजा। जाहिं जे मज्जन तीरथ राजा।।*

अतः वाल्मीकि रामायण व रामचरित मानस दोनों में ही माघ मास में त्रिवेणी संगम में स्नान का एवं तीर्थों में तीर्थराज प्रयाग की महिमा का महत्व वर्णित किया गया है।

भारत की सनातन संस्कृति में कुम्भ पर्व पर स्नान दान व ज्ञान रूपी अमृत की प्राप्ति का महत्व बताया गया। इसके पीछे ज्योतिषीय व वैज्ञानिक आधार को वेदग्रन्थों में समझाया गया है। रामायण के अनुसार सम्पूर्ण विश्व का एकमात्र स्थान प्रयागराज ही है जहां पर तीन नदियों का समागम है गंगा, यमुना, सरस्वती, यहां पर मिलती हैं इसके पश्चात् ही अन्य नदियों का अस्तित्व समाप्त होकर केवल एकमात्र गंगा नदी का महत्व रह जाता है। इसी प्रयाग भूमि पर स्वयं ब्रहमा जी ने यज्ञ आदि कर्म सम्पन्न किया उसके पश्चात् सभी देवों व ऋषियों ने त्रिवेणी संगम पर स्नान किया था। मत्स्य पुराण में वर्णन है कि एक बार धर्मराज युधिष्ठर ने मार्कण्डेय ऋषि से पूछा कि प्रयागराज तीर्थ में संगम स्नान का क्या महत्व है? तब ऋषि ने बताया कि प्रयागराज के प्रतिष्ठानपुर से लेकर वासुकी के हृदय परिपर्यंत कंबल और अश्वतर दो भाग हैं और बहुमूलक नाग हैं। यही प्रजापति का क्षेत्र तीनों लोकों में विख्यात है। पदमपुराण के अनुसार यह यज्ञ भूमि देवताओं को अति प्रिय है एवं यहां पर किये जाने वाले दान का अनन्त फल प्राप्त होता है। अतः जिस प्रकार ग्रहों में सूर्य राजा होता है उसी प्रकार तीर्थों में प्रयागराज सर्वोत्तम तीर्थ है।

कुंभ पर्व प्रत्येक 12 वर्ष के अन्तराल पर मनाया जाता है। अब शासन के द्वारा 12 वर्ष पर पड़ने वाले कुभ को महाकुंभ कहा जाने लगा है। प्रत्येक छः वर्ष बाद अर्धकुम्भ पर्व का आयोजन भी किया जाता है। कुंभ पर्व मानव को सर्व सिद्धि प्रदान करने वाला पर्व है ऐसा अथर्ववेद में वर्णित है। कुंभ में अमृत स्नान पर्व मनाये जाते हैं। प्रयागराज में पड़ने वाले कुंभ में कुल छः अमृत स्नान पर्व भी मनाये जाते हैं प्रयागराज में पड़ने वाले कुंभ में कुल छः अमृत स्नान पर्व क्रमशः इस प्रकार से हैं– मकर सक्रान्ति, पौष पूर्णिमा, मोनी अमावसया, बसन्ती पंचमी, माघ पूर्णिमा एवं महाशिवरात्रि। कुंभ पर्व का आयोजन सूर्य चन्द्र व बृहस्पति की विशेष स्थिति के आधार पर भारत के चारो स्थान प्रयागराज, हरिद्वार उज्जैन एवं नासिक में मनाया जाता है, जो पूर्णतया खगौल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान, अध्यात्मिक विज्ञान व नक्षत्र विज्ञान के समन्वय पर आधारित हैं। बृहस्पति ग्रह 12 वर्ष में एक चक्र पूरा करता है अर्थात् 12 वर्ष में अपनी कक्षा में एक चक्र पूरा कर पाता है। अतः पूर्ण कुंभ का एक स्थान पर आयोजन सदैव 12 वर्ष के अन्तराल पर ही होता है। कुंभ पर्व भारतीय सनातन संस्कृति और धर्म का

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

विशाल अद्वितीय पर्व है जो राष्ट्रीय एकता का महत्वपूर्ण पर्व होने के साथ ही वैश्विक पटल पर एकता व अखण्डता का अनूठा दृष्टान्त है।

सनातन धर्म में मोक्ष ही जीवन का परम लक्ष्य है सनातन संस्कृति में आन्तरिक विज्ञान को बहुत ही गहराई से समझाया गया है ऐसा किसी अन्य संस्कृति में नहीं समझाया गया। इसीलिए भारत देश विश्व की आध्यात्मिक राजधानी माना गया है। महाकुम्भ पर्व एकता पवित्रता एवं ज्ञान के साथ आत्म साक्षात्कार कराने का पूर्ण विज्ञान है। सनातन धर्म के सभी पर्व अध्यात्म विज्ञान के आधार पर मानव का विकास करके उच्च लक्ष्य की प्राप्ति कराने व मानव उत्थान में सहायक होते हैं।

## सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. मिश्रा जे एस– महाकुम्भ पृथ्वी का सबसे बड़ा शो।
2. मत्स्य पुराण – अनुवादक रामप्रताप त्रिपाठी, आनंद प्रेस पूना।
3. रामचरित मानस गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित।
4. पांचजन्य राष्ट्रीय समाचार पत्र 18 दिसम्बर 2024
5. सनातन संस्कृति की एक रूपता का अमीय कुंभ, संवदेना वोल्यूम 2 (IV) 2022
6. अमर उजाला राष्ट्रीय समाचार पत्र 14 जनवरी 2025।

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 15-19**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# आस्था और अर्थव्यवस्था का संगम महाकुंभ

**डॉ0 हरनाम सिंह**
सहायक आचार्य– अर्थशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (उ0प्र0)

आस्था–विश्वास का सबसे बड़ा जनसैलाब और सामाजिक–सांस्कृतिक अवधारणाओं का जीवंत प्रतीक कुंभ भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा है। कुंभ के पीछे आस्था और निष्ठा का जिवंत भाव कार्यशील रहाता है। यह 'स्व' से निकालकर खुले मैदान में, शीत की चिंता न करते हुए नदियों के तटों पर खींच लाती है। मौसम की कष्टपूर्ण परिस्थिति में भी लोगों को जीवन ध्येय के साथ ही जीवन जीने की सार्थकता का अनुभव होता है। सामाजिक–सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के माहौल में कुंभ सरीखे सांस्कृतिक उत्सवों की महती आवश्यकता प्रतीत होती है। भारत दर्शन के लिए जो लोग आना चाहते हैं उन्हें पूरे भारत की विविधता एक जगह सिमटी हुई मिल जाती है। जो आध्यात्मिक लाभ के लिए आना चाहते है उनके लिए तो इससे भव्य आयोजन कोई हो ही नहीं सकता। ऐसे अवसरों पर समाज और सरकार अपने जन–जागरण के कर्तव्यों को गहराई तक समझते हुए सोचें कि 'सुरसरि सम सबकर हित' करने वाली भावना का प्रचार–प्रसार कैसे हो? लोक–मंगल की भावना वाले कुंभ की सार्थकता तभी बढ़ सकती है जब देश के लोगों में सेवा धर्म, परोपकार और नैतिकता की भावना बढ़े और लोगों को दुख, दरिद्रता से मुक्ति मिले। कुंभ को देखने समझने के अलग–अलग दृष्टिकोण हैं । कुंभ सनातन संदेशों को संप्रेषित करने का एक महा आयोजन है । प्रश्न यह है कि हम भारतीय कुंभ के मंतव्य को लेकर कितने सजग हैं? जब पर्यावरण, जल, वायु, धरती और सभी खाद्य पदार्थ जहरीले होते जा रहें हो तो कुंभ महापर्व की भूमिका क्या हो ? डुबकी लगाने पुण्य कमाने की आपाधापी में कुम्भ के सामाजिक/सांस्कृतिक–आर्थिक सरोकार के बारे में सोचने के लिए हमारे पास कितना समय है ? कुम्भ में हम जिस अमरता की चाहत रहकर डुबकी लगाते हैं उसका स्वरूप क्या है? क्या कुंभ के वास्तविक स्वरूप से हमारा परिचय आज देश समाज के सामने खड़ी चुनौतियों का समाधान करने में सहायक हो सकता है ? भारत में कुंभ जहाँ सांस्कृतिक एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के भाव बढ़ता है वही आर्थिक गतिविधियों का पोषक भी है। तत्व और विचार के संरक्षण और संवर्धन का माध्यम कुम्भ को बनाया गया है।

**सनातन संवाद की संस्कृति–** कुंभ संघर्ष समाधान की सनातन परंपरा है। वर्तमान दौर में कुंभ जैसे आयोजनों के मूल भाव को पुनर्जीवित किया जाना बहुत आवश्यक है क्योंकि कुंभ व्यवस्था व्यक्तिगत दृसामाजिक घटकों के बीच संवाद का एक वृहद पारंपरिक प्लेटफार्म रहा है। भारतीय संस्कृति संवाद से ही सत्य के उपलब्ध होने की बात करती है । आप अध्यात्म के सूत्रों को पहचान करना चाहते हैं अथवा एक बेहतर व्यवस्था का निर्माण करना चाहते हैं इसके लिए संवाद से बढ़कर कोई मानवीय और समग्र तरीका नहीं हो सकता। संवाद की अवधारणा के आधार पर ही लोकतांत्रिक मूल्य पनपते हैं और सहज लोकमानस भी बनता है। किसी भी समस्या से जुड़े सभी पक्षों की पहचान और समाधान के लिए अधिकतम सुझाव, संवाद की प्रक्रिया के द्वारा ही प्राप्त होता है। संवाद की अतिशय परंपरा को ध्यान में रखकर कुंभ संवाद की संस्थानिक स्वरूप है। नित नवीन और चिर पुरातन के बीच संतुलन बिंदुओं की खोज और उनकी साधने की प्रक्रिया में कुंभ जैसे आयोजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जब हम परिवर्तन के दौर में जी रहे हैं तब संतुलन के नवीन सूत्रों की खोज अपेक्षाकृत अधिक आवश्यक हो गई हैं। कुंभ व्यवस्था को संवाद के प्लेटफार्म के मूल रूप में स्थापित करने में सफल हो जाते हैं, तो निश्चित रूप से सम्यक दिशा की ओर अग्रसर है । अपनी संस्कृतिक धारा को अक्षय बनाए रखने के लिए कुंभ जैसे वृहत्तर आयोजन के जरिए मूल्य और संवाद की संस्कृति को पुनः स्थापित किया जाना आवश्यक है । यदि ऐसा हो सके तो हम निश्चित रूप से सनातन संस्कृति को पोषित करने की स्थिति में होंगे, क्योंकि सनातन संस्कृति की अमरता की बूंदे साश्वत मूल्य और संवाद की संस्कृति से ही मिलती है। राग– विराग, प्राप्ति व परेशानी के चक्कर गिन्नी से निकल कर, एक जीवन से विरागी सन्यासी दूसरा गृहस्थ वृत्ति एक साथ होते हैं त्रिवेणी पर। अद्भुत संयोग जो सनातन समाज ने तय किए हैं जिसमें साधु, सन्यासी, बाल–वृद्ध, छोटे– बड़े सभी की कामनाओं के साथ एक जगह खड़े हो गंगा की धारा में अपने –अपने संकल्पों की अद्भुत परंपरा को चलाता है यही कुंभ है।

**भारतीय संस्कृति/मान्यताओं को बढ़ाने का प्लेटफॉर्म–** कुंभ आयोजन का महत्व केवल स्नान तक नहीं है, यह संवाद व चर्चा के लिहाज से भारतीय संस्कृति हिंदू धर्म की मान्यताओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। बिना कोई निमंत्रण दिए, बिना किसी प्रलोभन के, कुंभ में इतने बड़े जनसैलाब का उमड़ आना, कड़ाके की ठंड में भी गंगा में डुबकी लगाना, साधु–संतों के ताप– त्याग को समझना, कुंभ के प्रति

**अनुरूपी लेखक/ संयुक्त लेखक**

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

भक्ति की भावनाओं को समझ पाना यह अंतरराष्ट्रीय मीडिया के लिए दूर की कौड़ी है। क्योंकि उनकी यहां ऐसा अद्भुत संगम ना तो कभी देखने को मिला है और ना ही कभी मिलेगा। यह संगम मात्र नदियों का नहीं है यह तो विचारों का है, मान्यताओं का है, आस्थाओं का है। सामान्य व्यक्ति से लेकर साधु –संतों और विभिन्न जाति, लिंग, आयु का संगम है। कुंभ मेला भारत की प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है, वैश्विक स्तर पर कुंभ ने अपना परचम लहराया है। कुंभ के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाना चाहिए कि यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया है।

**आध्यात्मिक व सांस्कृतिक धरोहर–**पर्व–त्यौहारों के पीछे छिपे विज्ञान और संभावनाओं जो जीवन में लेकर आते हैं समझने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति के सभी पहलुओं को इस तरह से गढ़ा गया है कि ये हमें मुक्ति की तरफ ले जाएँ। मुक्ति क्या है? शायद हम समझ सकें कि जैसे जेल में वर्षों से कैद किसी कैदी की अचानक रिहाई उसकी दुनिया बदल देती है, उसे मिलती है एक नयी जमीन, एक नया आसमान। इसी तरह हम मानसिक स्तर पर भी कई तरह से कैद हैं। हमारे मन में नफरत, इर्ष्या, घृणा, कपट, डर, जैसी न जाने कितनी गांठें पड़ी हैं। कभी ऐसा होता है कि हम जिस शख्स से नफरत करते थे, उसे प्रेम करने करने लगते हैं और अचानक मन की कुछ गांठें खुल जाती हैं और एक सुकून भरा एहसास होता है–हृदय पटल विस्तार पाता है और जिंदगी थोड़ी सुहानी लगने लगती है। कर्म के स्तर पर भी कई तरह की गांठें पड़ी रहती हैं जिसे कार्मिक गांठ कहते हैं। कार्मिक गांठों ने मनुष्य जैसे एक असीम प्राणी को सीमाओं और सरहदों में बांध रखा है ᑊ ठीक वैसे ही जैसे किसी खुले आसमान के पक्षी को पिंजड़े में कैद कर दिया गया हो। इंसान के संपूर्ण जीवन की आकुलता व फड़फड़ाहट इन्हीं कार्मिक गांठों के पिंजड़े से बाहर निकलने की भी रहती है है। हमारी संस्कृति में मनाए जाने वाले सभी पर्व–त्यौहार हमें अपनी कार्मिक गांठों को खोलने या कम से कम ढ़ीला करने का एक अवसर प्रदान करते हैं। कुंभ का यह महापर्व एक ऐसा ही दुर्लभ अवसर है, जहां हम अपनी गांठों को विसर्जित करके मुक्ति की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

**प्रयागराज महाकुंभ भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम–** प्रयागराज अस्थाई जिला की चकाचौंध देखकर कोई भी अंदाज़ा लगा सकता है कि इस पूरी व्यवस्था के लिए सरकार ने अरबों रुपए खर्च किए है । प्रश्न उठता है आख़िर इतने बड़े आयोजन और ख़र्च के ज़रिए सरकार को क्या हासिल होता है? उसे कितनी आय होती है या फिर राजस्व के लिहाज़ से उसे कोई लाभ होता है या नहीं? सरकार को प्रत्यक्ष लाभ भले ही न हो लेकिन परोक्ष रूप से घाटे का सौदा तो नहीं होता होगा ᑊ भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई के अनुमान के मुताबिक 50 दिन तक चलने वाले इस मेले से राज्य सरकार को पिछले अर्ध कुम्भ में क़रीब एक लाख 20 हज़ार करोड़ रुपए का राजस्व मिला था ᑊ सरकार को यह आय दो तरह से होती है, एक तो प्राधिकरण की आय है और दूसरी जो कई तरीक़े से होते हुए राज्य के राजस्व खाते में जाती है ᑊ सीआईआई के अनुसार ष्प्राधिकरण मेला क्षेत्र में जो दुकानें आवंटित करता है, तमाम कार्यक्रमों की अनुमति दी जाती है, कुछ व्यापारिक क्षेत्रों का आवंटन किया जाता है, इन सबसे आय होती है ᑊ सीआईआई की रिपोर्ट के अनुसार मेले के आयोजन से जुड़े कार्यों में छह लाख से ज़्यादा कामगारों के लिए रोज़गार उत्पन्न हुए थे ᑊ रिपोर्ट में अलग–अलग मदों पर होने वाले राजस्व का आंकलन किया गया था जिसमें आतिथ्य क्षेत्र, एयरलाइंस, पर्यटन, इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों से होने वाली आय को शामिल किया गया ᑊ इन सबसे सरकारी एजेंसियों और व्यापारियों की कमाई बढ़ेगी 'कुंभ में जगह–जगह लक्ज़री टेंट, बड़ी कंपनियों के स्टॉल इत्यादि की वजह से भी आय की संभावना बढ़ गयी है'

**आर्थिक क्रियाओं का प्रोतसाहन–** उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले 50 दिनों के अर्धकुंभ मेले के लिए 4,200 करोड़ रुपये का आवंटन किया था, जो कि 2013 महाकुंभ मेले की तुलना में तीन गुना अधिक था। प्रयागराज में वर्तमान पूर्ण महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 के मध्य निर्धारित है। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समागम– महाकुम्भ–2025 के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने 2100 करोड़ रुपए की विशेष अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। इसकी पहली किस्त के रूप में 1050 करोड़ रुपए निर्गत भी कर दिये हैं। उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही 5435.68 करोड़ रुपए भव्य, दिव्य और डिजिटल महाकुम्भ के आयोजन पर खर्च कर रही है। सरकार द्वारा महाकुम्भ के लिए 421 परियोजनाओं पर यह धनराशि खर्च की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से अबतक 3461.99 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों, जिसमें लोक निर्माण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, सेतु निगम, पर्यटन विभाग, सिंचाई, नगर निगम प्रयागराज, द्वारा विभागीय बजट मद

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

से 1636.00 करोड़ रुपए की 125 परियोजनाओं को क्रियान्वित कराया जा रहा है। 'प्रयागराज महाकुंभ–2025' न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। इसका ध्येय 'सर्वसिद्धिप्रदरू कुंभ' है जो विश्व का सबसे बड़ा 4,000 हेक्टेयर का श्टेंट सिटीश उत्तर प्रदेश (यूपी) में चल रहा है, जो कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अनुमानित 400 मिलियन तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़ी सभा की मेजबानी करेगा। जनवरी–फरवरी 2025 में महाकुंभ के शुभ 45 दिनों के दौरान, अमेरिका और ब्रिटेन की संयुक्त आबादी के बराबर, 400 मिलियन लोगों का एकत्रीकरण, यूपी की वर्तमान जनसंख्या का 1.6 गुना होगा, जो 250 मिलियन आंकी गई है। यूपी सरकार के अनुसार, 67,000 स्ट्रीटलाइट्स से जगमगाते टेंट सिटी में पर्यटकों की सेवा के लिए 2,000 टेंट और 25,000 सार्वजनिक आवास शामिल होंगे।

यदी प्रश्न है कि इतना खर्च करने का क्या फायदा होगा? तो वास्तविकता यह भी है, कि भारतीय त्यौहार, कुम्भ और अन्य मेले भारत के ग्रामीण इलाकों और शहरों में आर्थिक क्रियाओं को प्रोतसाहित करतें हैं। बहुत बड़ी आबादी मेलों और त्यौहारों के आयोजन का बेसब्री से इंतज़ार करती रहती है। वैसे भी इस बार का महाकुम्भ सबसे अलग है जिसकी प्रयागराज 'सर्वसिद्धिप्रदरू कुंभ' के नाम से ब्रांडिंग की गई है। पिछले अर्ध कुम्भ में पन्द्र करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु और 180 से ज्यादा देशों से लोग और देश के हर गांव से लोगो को बुलाया गया था । ध्यान रहें की अगर 400 मिलियन तीर्थयात्रियों आ रहे हैं, तो वे घूमेंगे भी, रहेंगे भी, खाएंगे –पीएंगे भी, अन्य खर्च भी करेंगे। इंडस्ट्री बॉडी कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के अनुसार पिछले अर्धकुम्भ के आयोजन से उत्तर प्रदेश के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ था जो कुल खर्च का 30 गुना था। सीआईआई के अनुसार हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 2.5 लाख लोगों को रोजगार मिला तो एयरलाइन्स और एयरपोर्ट्स पर करीब1.5 लाख लोगों के लिए अवसर पैदा हुए। इसके अलावा टूर ऑपरेटर्स ने 45 हजार लोगों को काम पर रखा था। इको टूरिजम और मेडिकल टूरिजम में 85 हजार को रोजगार मिला था। टूर गाइड्स, टैक्सी ड्राइवर्स, उद्यमी सहित असंगठित क्षेत्र में 50 हजार नई नौकरियां उत्पन्न हुई थी।

**महाकुंभ आर्थिक विकास का अवसर–** महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह रोजगार और आर्थिक विकास का एक अभूतपूर्व अवसर रहा। अर्थव्यवस्था पर महाकुंभ का प्रभाव निर्विवाद है, क्योंकि प्रत्येक कुंभ मेला उत्सव राष्ट्रीय और राज्य दोनों अर्थव्यवस्थाओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है। हर 12 साल में आयोजित होने वाला महाकुंभ अपने मेजबान शहर में लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित करता है। महाकुंभ जैसे आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं, स्थानीय व्यवसायों को लाभ पहुँचाते हैं और भारत में समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुम्भ से न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव किया, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त किया। 45 दिन तक चले इस महाकुंभ से 2 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। साथ ही, देश की जीडीपी में भी इसका 0.03 फीसदी का योगदान होगा। ब्रोकरेज फर्म पीएल कैपिटल ग्रुप के मुताबिक, महाकुंभ मेले से जिन प्रमुख क्षेत्रों को बेनिफिट हुआ है, उनमें होटल, एयरलाइंस और रेलवे शामिल हैं। इस मेगा इवेंट से अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को काफी हद तक फायदा हुआ। CAIT के मुताबिक, महाकुंभ में बड़ी मात्रा में आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियां हुई। एक अनुमान के अनुसार अगर धार्मिक यात्रा के दौरान प्रति व्यक्ति 5,000 रुपये होता है, तो कुल आंकड़ा 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। ब्रोकरेज के अनुसार, अर्थव्यवस्था को 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बढ़ावा देने के साथ, महाकुंभ भारत में पर्यटन सेक्टर में क्रांति लाई है।

**पर्यटन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि–** महाकुंभ भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करता है। संगम पर डुबकी लगाने के लिए आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इस आयोजन को पवित्रता का प्रतीक मानते हैं। यह आयोजन स्थानीय कला, हस्तशिल्प, और देशी व्यंजनों को भी वैश्विक पहचान दिलाने का माध्यम बनता है। महाकुंभ के दौरान, कुंभ मेले में ठहरने की जगह की मांग बढ़ी। इस वृद्धि से होटल, रेस्तरां, परिवहन सेवाएँ और टूर प्रदाता लाभान्वित हुए हैं। कुंभ मेला टेंट बुकिंग जैसी सेवाओं की भी उच्च मांग देखी गयी, जो आगंतुकों को उत्सव स्थल के पास सुविधाजनक ठहरने व्यवस्था किये। पर्यटन उद्योग में हवाई यात्रा, रेल और सड़क परिवहन बुकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जिससे इन क्षेत्रों में राजस्व में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ सुरक्षा, निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और इवेंट मैनेजमेंट की भूमिकाओं सहित कई अस्थायी और स्थायी नौकरियों का सृजन किये है। स्थानीय समुदायों को अत्यधिक लाभ होता है क्योंकि छोटे व्यवसायों और कारीगरों को अपने उत्पाद बेचने का एक शानदार अवसर मिलता है। तीर्थयात्री बड़ी मात्रा

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

में भोजन, धार्मिक वस्तुएँ, कपड़े और स्मृति चिन्ह खरीदते हैं, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है। यह वृद्धि न केवल व्यक्तिगत विक्रेताओं का समर्थन करती है, बल्कि क्षेत्रीय हस्तशिल्प, कला और व्यंजनों के लिए बाजार बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी ऊपर उठाती है।

**बुनियादी ढांचे का विकास और राजस्व सृजन–** महाकुंभ के आयोजन से प्रयागराज में और उसके आसपास बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। सड़कें, स्वास्थ्य सुविधाएँ, स्वच्छता, बिजली और जल आपूर्ति प्रणाली सभी को उन्नत किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों और भावी पर्यटकों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार आएगा। ये उन्नयन शहर के बुनियादी ढांचे और विकास पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं। सरकार के राजस्व में पर्यटन और पार्किंग, टिकटिंग और स्टॉल किराए जैसे शुल्कों में वृद्धि से भी वृद्धि देखी जाती है, जो राज्य और केंद्र सरकार दोनों की पहलों को निधि देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन से विदेशी मुद्रा में वृद्धि होती है, जिससे राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलता है।

**कुम्भ से रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण–** महाकुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक है। महाकुंभ ने हमेशा से रोजगार सृजन में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए 5,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसने शहर की आधारभूत संरचना को और सुदृढ़ बनाया । प्रयागराज की जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) इस बार 1100 से अधिक कुशल और अकुशल श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया । इनमें ड्राइवर, हेल्पर, सुपरवाइजर, सफाई कर्मी, और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इसके अलावा, श्रम विभाग ने 25,000 से अधिक श्रमिकों को कुंभ की तैयारियों में शामिल किया । भारतीय उद्योग परिसंघ (ब्प्) के अनुसार 2019 के कुंभ मेले से 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ था। इसी तरह 2013 के महाकुंभ से 12,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त ब्प् का अनुमान है कि महाकुंभ मेले की आर्थिक गतिविधियों ने 2019 में छह लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया था। महाकुंभ केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव डालता है। 2019 के कुंभ मेले ने 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न किया था, और 2025 में इससे अधिक की उम्मीद है। ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर 3,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना थी, जो व्यापारिक लाभ को और बढ़ावा देगी।

**महिलाओं के लिए रोजगार का सुनहरा मौका–** महाकुंभ में महिलाओं को भी रोजगार के बड़े अवसर मिले हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों के 14,000 महिला स्वयं सहायता समूह पत्तल, दोना, कुल्हड़ और कपड़े के थैले बनाने में जुटे। यह काम सवा लाख महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाया है। महाकुंभ मेले के दौरान स्थानीय व्यवसायों को भी भारी प्रोत्साहन मिला। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के कारण प्रयागराज में होटल, गेस्ट हाउस, और टेंट सेवाओं की मांग में तेज वृद्धि हुई। निषाद समुदाय युद्ध स्तर पर नाव निर्माण में लगा जिससे प्रशासन की 4,000 नावों की मांग पूरी हुई ।

**कुम्भ संस्कृतियों का मिलन–** आस्था, विश्वास, सौहार्द एवं संस्कृतियों के मिलन का पर्व है "महाकुम्भ" ज्ञान, चेतना का वो आयाम है जो आदि काल से ही हिन्दू धर्मावलम्बियों की जागृत चेतना को बिना किसी आमन्त्रण के खींच कर ले आता है। प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ पर लोकसभा में प्रधानमंत्री जी ने वक्तव्य देते हुए कहा कि महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। जैसे गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भागीरथ प्रयास लगा था। वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हम सभी ने देखा है। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। महाकुंभ में राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन हुए हैं। यह जो राष्ट्रीय चेतना है, यह जो राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाती है, यह नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने उन शंकाओं–आशंकाओं को भी उचित जवाब दिया है, जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती है। करीब डेढ़ महीने तक महाकुंभ का उत्साह, उमंग को अनुभव किया गया । पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कारों के आगे बढ़ने का जो क्रम है, वह भी कितनी सहजता से आगे बढ़ रहा है। भारत का युवा अपनी परंपरा, अपनी आस्था, अपनी श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। अपनी परंपराओं, आस्था, विरासत से जुड़ने की यह भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर एक कोने से आए लोग एक हो गए, लोग अहम त्याग कर, वयम के भाव से, मैं नहीं, हम की भावना से प्रयागराज में जुटे। विश्वास है कि महाकुंभ से निकला अमृत संकल्पों की सिद्धि का बहुत ही मजबूत माध्यम बनेगा।

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

**संगठनात्मक क्षमता और क्राउड मैनेजमेंटः** सरकारी आंकणों के अनुससार लगभग कुम्भ में 62 करोड़ लोग पहुंचें जो ऐतिहासिक रूप से मनुष्यों का सबसे बड़ा जुटान रहा है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों का प्रबंधन करना एक असाधारण चुनौती थी । परंतु भारत हर बार कुंभ या महाकुंभ के अवसर पर ऐसी चुनौती से पार पाने में सफल रहता है। कुछ लोग इसे उत्सव का अवसर मानते हैं । प्रदेश सरकार इतना बड़ा और वैश्विक महत्त्व का आयोजन सफलतापूर्वक करा लिया तो यह शासन व्यवस्था में समग्र सुधार और भीड़ प्रबंधण कि मिशाल है।

**उपसंहार–** कुंभ मेला हालांकि धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन है फिर भी यह आर्थिक क्रियाओं का संवाहक भी है। महाकुंभ भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर उभारा है। यह विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आयोजन भारत की विरासत को उजागर कर, एक पर्यटन स्थल के रूप में इसकी अपील को बढ़ाता है और विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित करता है। इसप्रकार महाकुंभ न केवल एक धार्मिक आयोजन बल्कि भारत के लिए एक आर्थिक संपत्ति के रूप में स्थापित है। कुम्भ–मेले सबको बिना भेदभाव के रोज़गार देते हैं। श्रद्धालु हिंदू प्रयागराज को सबसे पवित्र शहरों में से एक मानते हैं, जहां संगम में स्नान करने पर मान्यता है कि मोक्ष मिलता है। महाकुंभ 2025 को दिव्य महाकुंभ, भव्य महाकुंभ के साथ–साथ स्वच्छ महाकुंभ, सुरक्षित महाकुंभ, सुगम महाकुंभ, डिजिटल महाकुंभ, ग्रीन महाकुंभ की अवधारणा के रूप में विकसित किये जाने का लक्ष्य रहा है। यह कुंभ मानव–मात्र के जीवन में संभावनाओं के द्वार खोले इस कामना के साथ आइए हम अपनी संस्कृति के इस महापर्व कुम्भ के सन्देश को आत्मसात कर सशक्त–समृद्ध–समरस–विकसित भारत के निर्माण अपना योगदान करें।

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 20-21**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# महाकुंभ की महामाया

**डॉ0 शिवकुमार सिंह 'कौशिकेय'**
इतिहासकार, बलिया (उ0प्र0)

प्रयागराज मे आयोजित महाकुंभ–2025 ने समस्त वैश्विक जीवन पर प्रभाव डाल दिए हैं , मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े जन समागम के अनेकानेक आयाम हैं, यह जानने के लिये इसके अतीत से अन्वेषण आरंभ करते हैं, मैं प्रयागराज में आयोजित 1989 , 2001, 2007, 2013 और 2019 का प्रत्यक्ष साक्षी रहा हूँ, जिज्ञासु प्रवृत्ति के कारण मैने इसके विविध बिन्दुओं पर अध्ययन भी किए हैं, श्रीशुभ संवत 2081 विक्रमी पौष पूर्णिमा एवं माघ कृष्ण एकम् के संक्रमण मकरसंक्रांति तदनुसार 13–14 जनवरी 2025 ईस्वी से फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी महाशिवरात्रि तदनुसार 26 फरवरी 2025 तक तीर्थराज प्रयागराज मे महाकुंभ–2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ है।

गिनीज बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे अंकित पृथ्वी के सबसे वृहद आध्यात्मिक, यौगिक, पौराणिक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक , सामाजिक और आर्थिक आयामों से जुड़े महाकुंभ की उत्पत्ति वैदिक सनातन धर्म के ज्योतिष शास्त्र अनुसंधान के अनुसार जिस समय इस निखिल ब्रह्माण्ड की पृथ्वी से दृश्य आकाशगंगा मे विद्यमान सूर्य और चन्द्रमा ग्रह वृश्चिक राशि मे और बृहस्पति ग्रह मेष राशि मे प्रवेश करते हैं तब प्रयागराज मे महाकुंभ आयोजित होता है, यह दिन मकर संक्रांति पर्व का दिन होता है, पौराणिक लोकोक्ति कथानक के अनुसार पृथ्वी पर निवास करने वाली सुर–असुर जाति के मानवों ने मिलकर सागर मंथन किए थे । इस समुद्र मंथन से कुल चौदह रत्न निकले चौदहवां रत्न अमृत था। इस अमृत को लेकर असुर भागने लगे जिनका पीछा देवताओं ने किए इनकी छीना– झपटी अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी के चार स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक मे गिर गई थीं। इसी घटना को लेकर प्रत्येक छः वर्ष पर अर्धकुंभ और 12 वर्ष के अंतराल पर महाकुंभ के आयोजन आरंभ हुये थे। अर्थात इन चारों पवित्र तीर्थ स्थलों पर क्रमशः अर्धकुंभ और महाकुंभ आयोजित किए जाते हैं , इनकी गणना उपरोक्त ग्रहों और राशि प्रवेश पर आधारित हैं, प्रायः चारों स्थान पर प्रत्येक छः वर्ष पर उनकी गणना के अनुसार अर्धकुंभ और बारह वर्ष पर महाकुंभ होते हैं। इस वर्ष 2025 मे प्रयागराज मे महाकुंभ आयोजित हुआ, जिसमें 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने प्रयागराज के पवित्र संगम मे स्नान किए।

इसके पहले 2019 ई. मे यहाँ अर्धकुंभ लगा था। 2013 मे यहाँ लगे महाकुंभ मे 8 करोड़ नर–नारियों ने पतित पावनी भगवती गंगा–यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के त्रिवेणी संगम मे अवगाहन किए थे। वर्ष 2006 और 2001 मे भी यहाँ अर्धकुंभ लगा था। 1989 ईस्वी मे प्रयागराज मे आयोजित महाकुंभ के समय गिनीज बुक्स ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने इसे विश्व के एक स्थान पर एकत्रित सबसे बड़े जन समागम के रुप मे पंजीकृत किया था।

पृथ्वी के सबसे बड़े जन समागम महाकुंभ के आरंभ का अभिलेखीय साक्ष्य बौद्ध धम्म की पुस्तकों मे 600 ईसापूर्व का मिलता है, यद्यपि कि इनमें यह भी लिखा है कि यह महाकुंभ बहुत पहले से लगता आ रहा है, इतिहासकार एस.पी.राय ने कुंभ का आरंभ दस हज़ार ईसापूर्व माना है अर्थात यह परम्परा बारह हज़ार चौबीस वर्ष प्राचीन है, इसकी महत्ता इस बात से भी समझी जा सकती है कि वर्तमान कालखण्ड मे मनुष्यों के द्वारा आत्मिक उत्थान के लिये अपनाए जाने वाले पंथ–मज़हबों मे अनुयायियों की संख्या आधार पर विश्व भर मे पहले स्थान पर प्रभु ईसा मसीह का ईसाई धर्म केवल 2024 वर्ष का हुआ। दूसरे स्थान पर इस्लाम धर्म है जिसकी उम्र मात्र 1446 साल हुई है , तीसरे स्थान पर बौद्ध धम्म है जो 2563 वर्ष प्राचीन है, हमारे व्यक्तिगत दृष्टिकोण से इस वैश्विक जन समागम महाकुंभ को किसी भी मत–पंथ–मजहब के कोटर मे कैद कर देखना कदाचित अनुचित होगा। क्योंकि इस तरह का बिना किसी निमंत्रण पत्र बुलावे के दुर्गम हिमालय पर्वत की गुफा कन्दराओं से लेकर वन–जंगलों , नगरों , गाँव–देहात करोड़ों लोगों का यहाँ के कल्पवास, साधना, संगम दर्शन–स्पर्श, स्नान और सभी मत–पंथों के बारे मे जानने–समझने के लिये उनके खालसा–प्रवचन पंडालों मे आयोजित होने वाले धार्मिक, लोकरंजक कार्यक्रमों और इसकी परम्परा विश्वविद्यालयों द्वारा अनुसंधान किया जाना चाहिए।

इन महाकुंभों में संत–महात्मा, योगी–यति–संन्यासी समुदाय अपने विराट–विशाल समूह के साथ पधारते हैं, जिन्हें अखाड़ों की पेशवाई कहा जाता था। तथा पर्व स्नान को शाही स्नान कहा जाता था।

उत्तरप्रदेश के मा. मुख्यमंत्री और योगी आदित्यनाथ जी के आग्रह पर संत अखाड़ों ने पेशवाई को नगरप्रवेश तथा शाही स्नान को अमृत स्नान नाम दिए हैं।

**अनुरूपी लेखक / संयुक्त लेखक**

महाकुंभ के शासकीय अभिलेखों मे सर्वप्रथम अभान अखाड़े के पंजीकरण प्रमाणपत्र मिलते हैं 547 ईस्वी मे यह पंजीकृत हुआ था। सन् 904 ईस्वी मे निरंजनी अखाड़ा , सन् 1146 ई. मे जूना अखाड़ा, सन् 1300 ई. मे कनफट्टा योगी अखाड़ा, सन् 1565 ई. मे मधुसूदन सरस्वती दसनामी अखाड़ा, सन् 1678 ई. मे प्रणामी अखाड़ा पंजीकृत हुआ था।

विश्व के इस सबसे वृहद, विचित्र ऋषि–मुनि, योगी–यति, साधु–संतों, धनी–निर्धन, ज्ञानी–अज्ञानी, शिक्षित –अशिक्षित, गोरे–काले, अंतरिक्ष वैज्ञानिक से लेकर गाँव–देहात के गंवार तक के नर–नारियों का एक निर्धारित समय सीमा के भीतर एक नगर मे एक ही लक्ष्य–उद्देश्य से एकत्रित होना अपने आप मे एक अद्भुत अलौकिक घटनाक्रम है, जिसके बारे मे विदेशी समाचार पत्रों और इलेक्ट्रानिक मीडिया ने भी लिखा; बीबीसी ने लिखा–महाकुंभ मानवता का सबसे बड़ा समागम था।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने लिखा– यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समारोह था। द न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा– इस आयोजन मे केवल श्रद्धालु और पर्यटक ही नही बल्कि नेता और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियां भी पहुँची। रॉयटर्स ने लिखा– यह डिजिटल कुम्भ था । इसमें व्यवस्था बनाने के लिए तकनीक का बेहतर प्रयोग किए गए। सी एन एन ने लिखा – आयोजन मे भभूति लपेटे नागा साधुओं ने स्नान किया। उनके क्रिया कलाप आकर्षण का केन्द्र रहे। द गार्डियन ने लिखा– यह पर्वों का पर्व था। लोगों का उत्साह चरम पर रहा। अमेरिकन अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने लिखा– यह एक ऐसा आयोजन था, जहाँ अमेरिका की कुल आबादी से अधिक लोग जुटे।

हजारों वर्ष की इस महाकुंभ की परम्परा मे अनेक अच्छी–बुरी घटनाएँ घटित होती रही हैं, इसके प्रबंधन की चिन्ता यहाँ आने वाले लोग कभी नही करते हैं, मैंने स्वयं महाकुंभ मे मानव मल–मूत्र युक्त रेत पर चल कर स्नान किए थे। लेकिन इस वर्ष इस महाकुंभ का सम्पूर्ण कलेवर ही बदल गए थे। विश्व के अधिकांश देशों की सम्पूर्ण जनसंख्या से भी अधिक लोगों का 45 दिनों मे मात्र चार हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल मे एकत्रित होने के बाद भी ऐसी स्वच्छता की व्यवस्था एक अनुकरणीय और अनुसंधान का भी विषय है। यह सब संभव इसलिए भी हुआ कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी ने इसे सेवा के महान अवसर के साथ–साथ अर्थव्यवस्था सुधारने का भी अवसर मानकर अपनी सम्पूर्ण योग्यता, क्षमता, संसाधनों का उपयोग करते हुए पूरी निष्ठा श्रद्धा के साथ पुरुषार्थ किए महाकुंभ ने 3रू50 ट्रिलियन रुपए का योगदान अर्थव्यवस्था मे किए हैं । उत्तरप्रदेश की जीडीपी भी वर्ष– 2024–25 मे 27रू51 तक पहुँच सकती है। इस महाकुंभ से भारत की जीडीपी मे 1प्रतिशत का उछाल आ सकता है और उत्तरप्रदेश की जीडीपी मे 11.6 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आसार दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज जिले की जीडीपी 68727/11करोड़ रुपए प्राप्त कर प्रदेश मे छठवें स्थान पर पहुँच गई है, इस महाकुंभ ने दस लाख से अधिक स्थायी/अस्थाई रोजगार का भी सृजन किया है, प्रयागराज के अतिरिक्त इसके समीपवर्ती जिलों वाराणसी, मिर्जापुर, कौशांबी से लेकर अयोध्या, चित्रकूट तक अमृत कुंभ से धन की वर्षा हुयी है, उत्तरप्रदेश परिवहन निगम, भारतीय रेलवे ने भी अपने आर्थिक विकास का अमृत पान किए हैं। यह तो केवल एक बानगी भर है, महाकुंभ के दौरान लगे भीषण जाम के कारण भी स्थानीय ग्रामीण इलाके के लोगों पुण्य के साथ अपने गाँव की वस्तुओं को दिखाने और बेचने के अवसर प्राप्त हुये थे ।

इस महाकुंभ ने भी तीन वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किए एक साथ उन्नीस हजार स्वच्छता कर्मियों ने दस किलोमीटर की सफाई का कीर्तिमान बनाए। एक साथ 329 स्वच्छता कर्मियों ने संगम तट और घाट सफाई का कीर्तिमान स्थापित किए। तीसरा कीर्तिमान दस हजार एक सौ दो चित्रकारों के द्वारा सबसे लम्बी हस्त चित्रकला के लिए प्राप्त हुआ।

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 22-24**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# एकात्मता का प्रतीकः महाकुम्भ

**डॉ0 राघवेन्द्र प्रताप सिंह**
असि.प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र,
बाबू अमर बहादुर सिंह विधि महाविद्यालय, कुण्डा प्रतापगढ़, (उ0प्र0) भारत

महाकुम्भ भारतीय संस्कृति, आध्यात्म और एकता का अद्वितीय प्रतीक है। यह न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। भारत में प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाला यह समागम में करोड़ों श्रद्धाल एक साथ स्नान करतें है, जहाँ जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, आर्थिक स्थिति आदि का भेदभाव समाप्त हो जाता है और सभी श्रद्धालु एक समान आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव करते हैं।

कुंभ का अर्थ होता है घड़ा। समुद्र मंथन के बाद अमृत कुंभ से अमृत की बूंदे बूंदे जहां जहां छलकी वहां कुंभ मेला लगता है। सम्राट हर्षवर्धन के कार्यकाल से ही कुंभ का आयोजन हो रहा है, जिसका वर्णन चीनी तीर्थयात्री ह्वेनसांग ने भी किया था।

कुंभ मेले में सम्पूर्ण विश्व एक कुटुम्ब की भॉति बन जाता है। इस पर्व पर हिमालय और कन्याकुमारी की दूरी सिमट जाती है। अरुणाचल प्रदेश और कच्छ एक–दूसरे के पास आ जाते हैं। इस पर्व का आकर्षण ऐसा है कि दूर से और पास से गांव से और नगरों से झोपड़ियों से और महलों से लोग कुंभनगरी मे सिमटते आ रहे हैं। इनकी भाषा वेश रंग–ढंग सभी एक दूसरे से भिन्न है परन्तु इनका लक्ष्य एक है। सभी की मंजिल एक है। इनमें पुरुष भी है और स्त्रियां भी बच्चे भी है और गृहस्थ भी धनवान भी है और धनहीन भी परन्तु सभी मे एक भावना और एक सांस्कृतिक समरसता के दर्शन होते हैं। हमारे देश की एकता की इसकी अनेकता के बीच। एकरसता के इस महान संगम को आदि शंकराचार्य ने एक ऐसा सुगठित रूप प्रदान किया जो पिछले हजारों वर्षों से इस देश को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक मजबूत एकता के सूत्र में जकड़े हुए है।

**महाकुम्भ का ऐतिहासिक और धार्मिक परिप्रेक्ष्य–** प्रयागराज हिंदुओं का अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यहां गंगा, यमुना एवं सरस्वती का अद्भुत संगम होता है जिसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। यहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले के अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन एवं नासिक में स्नान करके पुण्य अर्जित करते हैं। इनमें से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष तथा प्रयाग में दो कुंभ पर्वों के मध्य छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ का शाब्दिक अर्थ घड़ा एवं मेले का अर्थ एक स्थान पर एकत्रित होना है। कुंभ मेला अमृत उत्सव के नाम से भी प्रसिद्ध है।

खगोल गणनाओं के अनुसार कुंभ मेला मकर संक्रांति के दिन प्रारंभ होता है। उस समय सूर्य एवं चंद्रमा, वृश्चिक राशि में तथा वृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिवस को अति शुभ एवं मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार खुल जाते हैं। इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान विष्णु अमृत से भरा हुआ कुंभ लेकर जा रहे थे तभी असुरों ने उन पर आक्रमण कर दिया। अमृत प्राप्ति के लिए देव एवं दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध होता रहा। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के समान होते हैं। इसलिए कुंभ भी बारह होते हैं। इनमें से चार कुंभपृथ्वी पर होते हैं तथा शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं। देव एवं दानवों के इस संघर्ष के दौरान भूमि पर अमृत की चार बूंदें गिर गईं। ये बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक एवं उज्जैन में गिरीं। जहां–जहां अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर तीर्थ स्थल का निर्माण किया गया। तीर्थ उस स्थान को कहा जाता है जहां मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस प्रकार जहां अमृत की बूंदें गिरीं, उन स्थानों पर तीन–तीन वर्ष के अंतराल पर बारी–बारी से कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इन तीर्थों में प्रयाग को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है, क्योंकि यहां तीन पवित्र नदियों गंगा, यमुना एवं सरस्वती का संगम होता है। इन नदियों में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

कुम्भ मेला चार प्रमुख तीर्थस्थलों पर आयोजित होता है।

1. प्रयागराज (उत्तर प्रदेश)– गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर
2. हरिद्वार (उत्तराखंड)– गंगा नदी के तट पर
3. उज्जैन (मध्य प्रदेश)– क्षिप्रा नदी के तट पर
4. नासिक (महाराष्ट्र)– गोदावरी नदी के तट पर

**अनुरूपी लेखक/ संयुक्त लेखक**

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

महाकुम्भ प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होता है, जबकि अर्धकुम्भ 6 वर्षों में और प्रत्येक वर्ष माघ मेला (प्रयागराज में) भी आयोजित होता है।

**धार्मिक एवं आध्यात्मिक एकता :** कुम्भ मेला विभिन्न पंथों, सम्प्रदायों और आस्थाओं को एक मंच पर लाता है। इस मेले में सभी मतों और विचारधाराओं के संत, महात्मा और श्रद्धालु एकत्र होते हैं, जो धार्मिक सहिष्णुता और एकता को दर्शाता है।

**अखाड़े एवं संप्रदायों की सहभागिता :** कुंभ मेला न केवल आस्था और आध्यात्मिकता का पर्व है, बल्कि यह सनातन धर्म की पुरातन परंपराओं और अखाड़ों की शक्ति प्रदर्शन का भी अवसर होता है। अखाड़े उन धार्मिक संस्थाओं को कहते हैं, जिनमें साधु–संतों का एक समुदाय रहता है और वे अपनी विशिष्ट परंपराओं और अनुशासन का पालन करते हैं। कुंभ मेले में अखाड़ों की सहभागिता अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे इस आयोजन के प्रमुख केंद्र होते हैं।

**अखाड़ों की भूमिका :**

1. शाही स्नान का नेतृत्वः कुंभ मेले की सबसे प्रमुख परंपरा शाही स्नान होती है, जिसे अखाड़ों के संत और नागा साधु पहले करते हैं। यह स्नान धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक माना जाता है।
2. धार्मिक प्रवचन और गुरु–शिष्य परंपराः अखाड़ों में आध्यात्मिक ज्ञान, योग, ध्यान और वेदों का अध्ययन किया जाता है। कुंभ मेले में ये अखाड़े अपने अनुयायियों को प्रवचन और शिक्षाएं देते हैं।
3. संन्यास परंपरा का पालन और विस्तारः कुंभ के दौरान कई श्रद्धालु अखाड़ों में दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण करते हैं। नागा संन्यासियों की दीक्षा प्रक्रिया भी इसी दौरान संपन्न होती है।
4. धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रदर्शनः अखाड़ों द्वारा शोभा यात्राएँ निकाली जाती हैं, जिसमें साधु–संत घोड़ों, हाथियों और रथों पर सवार होकर आते हैं। यह परंपरा आध्यात्मिक शक्ति, अनुशासन और धार्मिक एकता का प्रदर्शन करती है।

**मुख्य अखाड़े और उनका वर्गीकरणः** भारत में मुख्यतः 13 प्रमुख अखाड़े हैं, जो तीन प्रमुख वर्गों में विभाजित होते हैं–

1. **शैव अखाड़े (भगवान शिव के अनुयायी)–** जूना अखाड़ा, अवहान अखाड़ा, अतल अखाड़ा, आनंद अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा, निर्जनी अखाड़ा
2. **वैष्णव अखाड़े (भगवान विष्णु के अनुयायी)**– निरंजनी अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा, नंदा अखाड़ा
3. **उदासीन और सिख परंपरा से जुड़े अखाड़े–** निर्वाणी अखाड़ा, बड़ा उदासीन अखाड़ा, नया उदासीन अखाड़ा

**सांस्कृतिक एकता–** करोड़ों श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के एक साथ संगम, गंगा, गोदावरी, क्षिप्रा जैसी पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। यह भारतीय समाज में समानता और एकता को प्रकट करता है। महाकुम्भ मेला भारत के विभिन्न राज्यों से आए लोगों की भाषाई, खान–पान, वेशभूषा और रीति–रिवाजों को एक मंच पर प्रस्तुत करता है। मेले में शास्त्रीय संगीत, लोक गीत, भजन और कीर्तन होते हैं जो सांस्कृतिक समन्वय को दर्शाते हैं। विभिन्न राज्यों के कारीगर, कलाकार और व्यापारी मेले में अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, जिससे सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा मिलता है।योगगुरु और आध्यात्मिक शिक्षक योग शिविरों का आयोजन करते हैं, जहाँ लोग एक साथ मिलकर योग का अभ्यास करते हैं।

**सामाजिक और राष्ट्रीय एकता–**महाकुम्भ, केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को भी मजबूत करता है।

**1. जाति–पाति का भेद मिटानाः** इस मेले में सभी जातियों, धर्मों और पंथों के लोग एक साथ स्नान करते हैं और संगठित रूप से धार्मिक अनुष्ठान करते हैं।

**2. समानता का भाव :** गरीब से लेकर अमीर, आम नागरिक से लेकर बड़े राजनेता तक सभी इस मेले में समान भाव से भाग लेते हैं।

**3. अनेकता में एकता :** भारत विविधताओं से भरा देश है, लेकिन कुम्भ मेला इस विविधता को एकता में बदलने का कार्य करता है।

**अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और वैश्विक एकता–** महाकुम्भ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र है। हजारों विदेशी पर्यटक, शोधकर्ता और पत्रकार इस मेले का अनुभव करने के लिए आते हैं।

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

**1. अंतरराष्ट्रीय पर्यटनः** लाखों विदेशी पर्यटक इस मेले में भाग लेते हैं, जिससे भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहचान बढ़ती है।

**2. वैश्विक अध्यात्मिक समुदाय का मिलनः** विभिन्न देशों के आध्यात्मिक नेता, योगी और साधु यहाँ आते हैं, जिससे विश्व स्तर पर आध्यात्मिक विचारों का आदान–प्रदान होता है।

कुम्भ मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा योगदान देता है। लाखों श्रद्धालु और पर्यटक मेले में आते हैं, जिससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय दुकानदारों, रेहड़ी–पटरी वालों और हस्तशिल्प कारीगरों के लिए यह सुनहरा अवसर होता है। सरकार और निजी क्षेत्र इस मेले के दौरान अस्थायी और स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

महाकुम्भ, भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, समाज और राष्ट्रीय एकता का जीवंत उदाहरण है। यह न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ लाखों लोग भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक भेदभाव को भूलकर एक साथ आते हैं। कुम्भ मेला भारतीय समाज को जोड़ने, उसकी विविधता को स्वीकारने और उसे एकता में बदलने का कार्य करता है। इस प्रकार, महा कुम्भ न केवल भारत की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर भी शांति, सहिष्णुता और एकता का संदेश देता है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. महाभारत, अनुशासन पर्व– अध्याय 26
2. महाभारत, वनपर्व 87/18–19.
3. पद्म पुराण 6/127/163.
4. नारद पुराण 2/63/90.
5. शिव महापुराण 3/21

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 25-27**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# वैदिक युग में संगीत का स्थान

**आभा श्री[1], प्रो0 संध्या रानी शाक्य[2]**
1. शोध अध्येत्री, संगीत विभाग 2. प्राचार्या, रानी अवंतीबाई लोधी महिला महाविद्यालय, बरेली (उ0प्र0)

भारतीय संस्कृति के इतिहास में वेदों का स्थान नितान्त महत्वपूर्ण है। वेद ज्ञान के मानसरोवर है। जहाँ से ज्ञान की विमल धारायें विभिन्न मार्गों से बहकर भारत को ही नहीं अपितु संपूर्ण जगत को उर्वरता प्रदान करती है। वेद संपूर्ण वाङमय का बोधक शब्द है, और इसी रूप में उसका प्रयोग होता आया है। वेद ज्ञान के सागर है जिनसे समस्त विद्याओं, शास्त्रों और कलाओं की उन्नत धारायें बहीं। वेदों में आत्मतत्व का सूक्ष्म निरूपण किया गया है।[1]

वेद शब्द की व्युत्पत्ति ज्ञानार्थक विद् धातु से हुई है। वेद का अर्थ ही है, ज्ञान। ज्ञान एक व्यापक अर्थ का वाचक शब्द है। वेद शब्द से वह वह ज्ञान अभिप्रेरित है जिसका सर्वप्रथम ऋषि महर्षियों ने साक्षात्कार किया। ऋषियों ने तपोबल से वेदों का दर्शन किया। इसलिये भास्कराचार्य के निरूक्त 1/10 में ऋषियों को मंत्रदृष्टा कहा गया है।

यह वेद ज्ञान ऋचाओ अर्थात् मंत्रों द्वारा अभिव्यक्त हुआ है। वेद ऐसा दीप्तिपुंज है जो अपनी दिव्य आभा से स्वयं भासित होता है और जिसके द्वारा समस्त भारतीय वाङमय प्रकाशित है। वैदिक शब्द वेद विषयक बहुविध ज्ञान सामग्री का द्योतक है। यह वेद विषयक सामग्री है, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, और वेदांग। यह वेदों से भिन्न होते हुये भी सामग्री वेदों पर ही आधारित है। ये वैदिक साहित्य के अन्तर्गत ही माने जाते है।

वेदों का नाम श्रुति है अर्थात् जो श्रव्य माध्यमों के द्वारा अथवा परम्परा से श्रवण के द्वारा कंठस्थ रूप में निर्वाहित होते चले आये। यह परम्परा अनेक ऋषि आश्रमों के शिष्य–प्रशिष्यों द्वारा सुरक्षित रही। इनके प्रचारित रहने में अनेक ऋषियों व महर्षियों का योगदान रहा है।

ऋग्वेद में प्राचीन तथा नवीन ऋषियों को मंत्रों का कर्ता बताया गया है। उनके कर्ता होने का स्पष्ट उल्लेख भी मिलता है[2] इदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः (ऋ0 7/35/14), ब्रह्म कृण्वन्तो हरिवो वशिष्ठ (ऋ० 7/37/4), ब्रहोन्द्राय वज्रिणे अकारि (ऋ0 7/97/9) आदि मंत्रों में उल्लेख मिलता है।''2 भाषा शाखा की दृष्टि से मण्डित तथा आध्यात्मिक भावना में अविश्वासी कुछ विद्वानों की दृष्टि में ऋषि लोग ही वैदिक मंत्रों के कर्ता है। परन्तु वेद मर्मज्ञ प्राचीन शास्त्रों तथा शास्त्रज्ञों ने एक स्वर से ऋषियों को वैदिक मंत्रों का दृष्टा ही माना है कर्ता नहीं।

मंत्रसंहिता से केवल वेद का तात्पर्य नहीं है वरन् इसके अन्तर्गत ब्राह्मण, आरण्यक तथा उपनिषद् वाङमय का भी समावेश है। वैदिक युग के इस विशाल कालखण्ड में तत्कालीन संगीत साधना के अनेक उल्लेख पाये जाते है। वैदिक युग भारत के सांस्कृतिक इतिहास में प्राचीनतम युग माना जाता है।'' वैदिक युग में प्रचलित संगीत का अध्ययन सुविधा के लिये निम्न तीन खण्डों में पृथक्तया किया जा सकता हैः–1) ऋक्, यजु तथा अथर्व में संगीत, 2) सामवेद में संगीत, 3) उपनिषद तथा शिक्षा ग्रंथो में संगीत।

वेदचतुष्टयी में सामवेद का संगीत में विशिष्ट स्थान है। सामन् या साम का अर्थ होता है गीतियुक्त मंत्र। गीतियुक्त होना, साम के आवश्यक लक्षण है। ''ऋग्वेद के मंत्र (ऋक् या ऋचा) जब विशिष्ट गान पद्धति के द्वारा गाये जाते है तब उनको सामन् या साम कहते हैं।''[3] अतः गोति या गान को पूर्वमीमांसा में साम कहा गया है– गीतिशुसामाख्या (पूर्व० 2,1,36)। ऋग्वेद में स्तोत्ररूप या गीति रूप मंत्र को आगूष्यं साम (ऋग्० 1, 62, 2) कहा है।''[4] आंगूष्य 'का अर्थ है स्तोत्र या गीतिरूप। अतः स्पष्ट होता है कि जब मंत्र या ऋचा गीति के रूप में प्रस्तुत की जाती है तो उसे साम कहते है। साम शब्द का मूलार्थ गान अर्थात् गेय वस्तु रहा है। तथापि अधिष्ठान के रूप में ऋचाओं से सम्बद्ध होने के कारण उनके लिये भी साम शब्द का प्रयोग किया गया है। ऋग्वेद और सामवेद का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। सामवेद, उपासना का वेद है, इसमें आध्यात्मिक मंत्रों का मुख्य रूप से संकलन है। सामवेद से प्राणशक्ति की वृद्धि होती है। सामवेद संगीत एवं भक्ति के द्वारा परमात्मा प्राप्ति का साधन है। साम का वास्तविक स्वारस्य उसके स्वर में निहित है। साम का प्रधान अंग स्वर ही है, का साम्नो गतिरिति स्वर इति होवाचः। साम की गति स्वर लहरियों से निर्दिष्ट हुआ करती है। स्वर ही साम का सर्वरूप है।''[5]

साम का यौगिक अर्थ मान या गीति है, परन्तु स्वराधिष्ठान के रूप में ऋचाओं से सम्बद्ध होने के कारण साम का अर्थ गेय ऋचायें भी कहा जाता है।

**अनुरूपी लेखक/ संयुक्त लेखक**

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

सामवेद के भाग–सामवेद के दो प्रधान भाग हैं:–आर्चिक तथा गान। आर्चिक भाग केवल ऋग्वेद की ऋचाओं का संग्रह मात्र है। आर्चिक के दो भाग है–पूर्वाचिक एवं उत्तरार्चिक। आर्थिक का शाब्दिक अर्थ है, ऋचाओं का समूह या संकलन। पूर्वाचिक में छः अध्याय है। इसमें चार काण्ड है–क) अग्नेय, ख) ऐन्द्र, ग) पावमान, घ) आरण्य गान। पूर्वार्चिक के प्रथम पाँच अग्नि, इन्द्र, पवमान आदि देवताओं की स्तुति परक है। पूर्वार्चिक का द्वितीय से चतुर्थ अध्याय, इन्द्र विषयक मंत्रों का संकलन है। प्रथम से लेकर पंचमाध्याय तक की ऋचायें ग्राम गान के रूप में अभिहित है। केवल छठा अध्याय आरण्य गान के अन्तर्गत है।

अरार्चिक नामक द्वितीय भाग में नौ अध्याय है। संपूर्ण मंत्रों की संख्या 1225 है। पूर्वाचिंक तथा उत्तरार्चिक की रचना में कुछ विभिन्नता है। पूर्वार्चिक में सामों की मूलभूत ऋचायें पठित है तथा उत्तरार्चिक में इन ऋचाओं को धुन पर गाये जाने वाले लयों का संग्रह है। उत्तरार्चिक में जो तीन–चार ऋचाओं के सम्मिलित सूक्त संग्रहित है उनमें प्रायः प्रथम ऋचायें पूर्वार्थिक में प्राप्त होती है। दोनों का सम्बन्ध गान की दृष्टि से यह है कि उत्तरार्चिक के प्रगाधों के लिये वही स्वरावलि अर्थात् साम नियतः है जो कि पूर्वार्चिक में उपलब्ध उसकी प्रथम ऋचा पर किया जाता है। साम गान के अन्तर्गत गाये जाने वाले स्तोत्रों का निर्माण इन्हीं उत्तरार्चिक की ऋचाओं से होता रहा है। स्तोत्र का निर्माण एक से लेकर बारह तक सूक्तों से किया जाता है तथा इनका गान एक ही स्वरावलि में किया जाता है जो पूर्वार्चिक के अन्तर्गत उसकी प्रथम ऋक् के लिये नियत हो।''[6]

आर्चिक एवं गान ग्रन्थ–आर्चिक ग्रन्थों में ऋचाओं का समूह है। यह ऋचायें गान का आधार है। इनमें महत्वपूर्ण परिवर्तन करके जिन ग्रन्थों में इनका ग्रन्थ रूप दिया है वे गान ग्रन्थ है। ये ही वास्तविक साम है। पूर्वार्चिक की ऋचाओं पर आधारित जो साम बने उन्हें ग्रामगेय साम कहा गया। आरण्यक संहिता की ऋचाओं के आधार पर जो साम बने उन्हें अरण्यगेय साम कहा गया। उत्तरार्चिक की ऋचाओं के आधार पर जो साम बने उन्हें ऊहगान कहते हैं।

ग्रामगेय गान का बस्तियों में गाया जाता था। अरण्यगेय गान का ग्राम से पृथक वन में अभ्यास करते थे। इन्हें रहस्यगान भी कहा जाता था। इस प्रकार के गान में दैविय शक्तियों से सम्बन्ध स्थापित करने का रहस्य होता था। इनका अभ्यास वन के निर्जन स्थानों में किया जाता था। ऊह गान एवं ऊह्यगान में अन्तर यही था कि ऊहगान, ग्रामगेय गान पर आधारित थे और ऊह्यगान, रहस्यगान पर आधारित थे।

सामगीत के भाग–साम गान का महत्व यज्ञ यागों में सर्वोपरि रहा है। सामगीतों के पाँच भाग है। ये पाँच भाग भक्तियाँ कहलाते है। यहाँ भक्ति से तात्पर्य भाग से है। ये पाँच भाग निम्नवत् है। प्रस्ताव, उद्गीथ, प्रतिहार, उपद्रव व निधन। उपरोक्त पाँच भाग सर्वसम्मत है।'' किन्तु साम गायकों की अन्य परम्परा दो भागों को मानती है और ये है, हिंकार तथा आदि। हिंकार का प्रयोग साम के आरम्भ में तथा आदि का प्रयोग प्रस्ताव एवं उदगीथ के मध्य में किया जाता है। मंत्रब्राह्मण में साम की पंचविध, इन दोंनों परम्पराओं का वर्णन प्राप्त होता है।''[7] साम के गायक तीन होते है। प्रस्तोता, उगाता तथा प्रतिहर्ता। मुख्य गायक उद्गाता होता है। प्रस्तोता और प्रतिहर्ता मुख्य गायक के सहायक होते है।''[8]

प्रस्ताव–यह साम का आरम्भिक भाग है। जिसे प्रस्तोता ऋत्विज गाता है। ये भाग हूँ से आरम्भ होता है। जो कि हिंकार का स्वरूप है। हिंकार का गान साम के आरम्भ में सभी ऋत्विज एक साथ किया करते हैं। उसके बाद प्रस्तोता सामगीत के प्रस्ताव भाग को ओंकार के साथ गाया जाता है। मंत्र या गीत के आरम्भिक भाग को प्रस्ताव कहते हैं।

उद्गीथ उद्गीथ गीत का मुख्य और अधिकांश भाग होता है। उद्गीथ भाग को उच्च स्वरों में गाया जाता है।

प्रतिहर्ता–इसके पश्चात् प्रतिहर्ता उद्गीथ के अन्तिम पद से गान को पकड़ लेता है और प्रतिहार भाग को लेकर चलता है। प्रतिहर्ता का अर्थ ही होता है, आकर मिल जाने वाला या दो विभागों को जोड़ने वाला।

उपद्रव–''प्रतिहार के दो भागों में यह अन्यतम है, जिसका गान उद्गाता अर्थात् मुख्य साम गायक करता है। मुख्य प्रतिहार का गान प्रतिहर्ता के द्वारा किये जाने पर उसी का खण्डशः गान मुख्य उद्गाता पुनः करता है। इस खण्ड को उपद्रव कहा जाता है।''[9]

निधन–प्रतिहार का शेष अंश ओम् को जोड़कर विभिन्न विभाग के रूप में गाया जाता है, इस भाग को निधन कहते है। इस खण्ड को प्रस्तोता, उगाता तथा प्रतिहर्ता तीनों ही ऋत्विज साथ मिलकर गाते है।

साम के स्वर–साम में ऋग्वेद के समान तीन स्वरों का प्रयोग किया जाता रहा है ये है उद्गाता, अनुद्गाता त्स्वरित। साम संगीत के विकास के साथ सप्त स्वरों का प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, मंद्र, क्रुष्ट एवं अतिस्वार।

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

''स्वामी प्रज्ञानन्द ने कहा है कि सामवेदीय स्वर के विकास के दो सोपान थे। प्रथम सोपान में केवल तीन या चार स्वरों का प्रयोग होता था। द्वितीय सोपान में अन्य तीन स्वरों को सम्मिलित किया गया। इस प्रकार सात स्वरों से युक्त सामवेदीय संगीत का विकास हुआ।''[10]

समविकार–ऋग्वेद के मंत्रों का यथावत् प्रयोग सामगान के लिये नहीं करते। ऋग्वेद के मंत्रों में परिवर्तन करके उनका गान करते है। किसी भी ऋचा को गान का रूप देने के लिये कुछ परिवर्तन किये जाते हैं। इन्हें सामवेद की पारिभाषिक शब्दावली में विकार कहा जाता है। साम गान के छः विकार होते हैः–1) विकार, 2) विश्लेषण, 3) विकर्षण, 4) अभ्यास, 5) विराम, और 6) स्तोभ ।

1) विकार–मंत्र के शब्दों में गान की दृष्टि से कुछ परिवर्तन किया जाता है। जैसे–अग्ने को ओग्नाथि कहना।
2) विश्लेषण–एक पद को दो या अधिक खण्डों में विभक्त करना। जैसे बीतये को वोयि तोयाशयि बोलना।
3) विकर्षण–एक स्वर को दीर्घ से अधिक समयावधि तक उच्चारित करना। जैसे–ये का या 23 यि करके गाना।
4) अभ्यास–किसी पद का दो या अधिक बार उच्चारण करना। जैसे तो या 2 ची, तो या 2 ची का दो बार उच्चारण करना।
5) विराम–विश्रान्ति देकर तथा रूक–रूक कर गाना यथा गूणानों हव्यदातये पद को गृणानोह, इतना गाकर कुछ विराम देकर व्यदातये का गान करना।
6) स्तोम–ऋचा का गान का रूप देने के लिये कुछ अतिरिक्त पद मंत्र के साथ जोड़ दिये जाते है। ये पद आलाप के लिये होते है। जैसे औहोवा, हाउ, हाउ, आदि।

साम संगीत की गान प्रणाली–साम गान का आधारभूत तत्व स्वर है। साम गान में आद्योपान्त स्वर का महत्व होता है। साम का आरम्भ ओम् से किया जाता है। साम गान का अवसान भी ओम् स्वर के साथ ही किया जाता है। इस के साथ उपगायक निरन्तर ओम् स्वर से संगति करते रहते है। इसके करने से मुख्य गायकों को अभीष्ट स्वर की स्मृति बनी रहती है। इस स्वर का गायन मंद्र स्वर के साथ किया जाता है। निरन्तर ओम् के अभ्यास से विभिन्न विभागों का विच्छेद नगण्य प्रतीत होता है और गाता के लिये अपने स्वर की प्रतीति अत्यन्त ही सहज हो जाती है।

अतः यह कहा जा सकता है कि सामवेद संगीत प्रधान है। सामन् का अर्थ है सस्वर मंत्र आदि का पाठ। सामवेद का अर्थ होता है, सस्वर पाठ योग्यमंत्रों का संकलन। स्वर ही सामवेद का स्वत्प है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. वाचस्पति गैरोला, वैदिक साहित्य और संस्कृति– संवर्तिका प्रकाशन, इलाहाबाद, सन् 1969 पृ०–97.
2. वाचस्पति गैरोला, साहित्य और संस्कृति– शारदा संस्थान, दुर्गाकुण्ड, वाराणसी सन् 1993 पृ०–10.
3. वाचस्पति गैरोला, वैदिक साहित्य एवं संस्कृति– विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन् 2008 पृ०–77.
4. वही पृ० 77.
5. वाचस्पति गैरोला, भारतीय संगीत का इतिहास– चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, सन् 1994 पृ०–55.
6. यही–पृ० 58.
7. वही–पृ0 74.
8. वाचस्पति गैरोला, भारतीय संगीत का इतिहास– संगीत रिसर्च एकेडमी, कलका, सन् 1994 पृ०–63.
9. वाचस्पति गैरोला, भारतीय संगीत का इतिहास– चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, सन् 1994 पृ०–76.
10. वाचस्पति गैरोला, वैदिक साहित्य एवं संस्कृतिविश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन् 2008, पृ०– 94.

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 28-32**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR), लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण

**मिथिलेश कुमार माहथा**
शोध अध्येता–राजनीति विज्ञान विभाग,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखण्ड )

भारत में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की अवधारणा संघर्ष, लचीलापन और आशाओं से भरा हुआ है। राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तरों पर लैंगिक असमानताओं को दूर करने के लिए किए गए प्रयास एवं उपलब्धियाँ महत्वपूर्ण है। फिर भी भारत में व्याप्त पितृसत्तात्मक सोच एवं विचारों को समाप्त करने, महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को प्राप्त करने के मार्ग अभी भी जटिल प्रतीत हो रहे हैं। यूरोपीय लैंगिक समानता संस्थान के अनुसार, महिला सशक्तिकरण में व्यापक रूप से कई घटकों को शामिल किया जा सकता है जैसे – आत्मसम्मान, आत्मनिर्णय, अवसर एवं संसाधनों तक पहुँच और जीवन पर नियंत्रण के अधिकार।[1] दूसरे शब्दों, में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता परस्पर सम्बन्धित है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देना महिला सशक्तिकरण की पहली शर्त है।[2] लैंगिक समानता की प्राप्ति स्वाभाविक रूप से महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए आवश्यक होती है। महिला सशक्तिरण और लैंगिक समानता एक दूसरे को आगे बढ़ाती है। भारत में पितृसत्तात्मक सोंच और लैंगिक असमानता व्याप्त होने के कारण महिलाओं को विरोधाभासी भूमिकाएँ निभाने के लिए मजबूर किया जाता है। एक ओर, महिलाओं की मातृत्वपूर्ण भूमिका को माँ, पत्नी और बेटी रूप में प्रभावी ढंग से निभाने के लिए उनकी ताकत को बढ़ावा दिया जाता है। दूसरी ओर, उनके पुरुष पर निर्भरता सुनिश्चित करने के लिए "कमजोर और लाचार महिला" की छवि को बढ़ावा दिया जाता है। लैंगिक समानता महिलाओं की समृद्धि और विकास के लिए मौलिक माना जाता है।[3] भारत अपने "विकसित भारत/2047" के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है, सरकार, नागरिक समाजों, समुदायों और व्यक्तियों को अपने सामूहिक प्रयासों से एक ऐसे समाज को स्थापित करना चाहिए जहाँ प्रत्येक महिला को विकास करने का अवसर मिले। लैंगिक असमानता जैविक और स्वाभाविक है। यह असमानता पुरुषों और महिलाओं के बीच जैविक या आनुवंशिक अंतरों पर आधारित है। लिंग भूमिकाएँ सांस्कृतिक रूप से निर्धारित होती हैं और लिंगों के बीच असमानता समाजीकरण की एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम है। भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति और विद्यमान चुनौतियों के एक जटिल अंतः क्रिया द्वारा चित्रित है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कुछ महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। हालाँकि, गहराई से जड़ें जमा चुके सामाजिक मानदंड, आर्थिक असमानताएं और राजनीतिक चुनौतियों का अर्थ है कि भारत में लैंगिक असमानता अभी भी मौजूद है।[4]

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–** अंतरराष्ट्रीय निजी व्यवसाय स्व–नियमन का एक रूप है। इसका उद्देश्य है – पेशेवर सेवा स्वयंसेवा में शामिल होकर, या उसका समर्थन करके परोपकारी, कार्यकर्ता, या धर्मार्थ प्रकृति के सामाजिक लक्ष्यों में योगदान करना।[5] सार्वजनिक लाभ के लिए सामुदायिक विकास, गैर–लाभकारी संगठनों को मौद्रिक अनुदान देना, या नैतिक रूप से उन्मुख व्यवसाय और निवेश प्रथाओं का संचालन करना है। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को आंतरिक संगठनात्मक नीति या कॉर्पोरेट नैतिक रणनीति के रूप में वर्णित करना संभव था जिसे आज पर्यावरण, सामाजिक, शासन (ईएसजी) के रूप में जाना जाता है। पिछले एक दशक में यह व्यक्तिगत संगठनों के स्तर पर स्वैच्छिक निर्णयों से क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर अनिवार्य योजनाओं में काफी हद तक स्थानांतरित हो गया है। इसके अलावा, विद्वान और फर्म " साझा मूल्य बनाना " शब्द का उपयोग कर रहे हैं, जो कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का एक विस्तार है, सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से व्यवसाय करने और लाभ कमाने के तरीकों की व्याख्या करने के लिए इस शब्द का प्रयोग होता रहा है।[6]

संगठनात्मक स्तर पर कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सामान्यतः पर एक रणनीतिक पहल के रूप में समझा जाता है जो किसी ब्रांड की प्रतिष्ठा में योगदान देता है। इस प्रकार, सामाजिक जिम्मेदारी की पहल को सफल होने के लिए एक व्यवसाय प्रारूप के साथ सुसंगत रूप से संरेखित और एकीकृत किया जाना चाहिए। कुछ प्रारूपों के साथ, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का एक फर्म का कार्यान्वयन नियामक आवश्यकताओं के अनुपालन से परे चला जाता है और "ऐसी कार्रवाइयों में संलग्न होता है जो फर्म के हितों और कानून द्वारा अपेक्षित से परे कुछ सामाजिक भलाई को आगे बढ़ाती हैं। व्यवसाय रणनीतिक या नैतिक उद्देश्यों के लिए कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व में संलग्न हो सकते हैं। रणनीतिक दृष्टिकोण से, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फर्म के मुनाफे में योगदान कर सकता है। आंशिक रूप से, ये लाभ कॉर्पोरेट कार्यों की

**अनुरूपी लेखक/ संयुक्त लेखक**

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

जिम्मेदारी लेने के द्वारा व्यापार और कानूनी जोखिम को कम करने के लिए सकारात्मक सार्वजनिक संबंध और उच्च नैतिक मानकों को बढ़ाने से प्राप्त होते हैं। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रणनीति कंपनी को पर्यावरण और उपभोक्ताओं, कर्मचारियों, निवेशकों, समुदायों और अन्य सहित हितधारकों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रोत्साहित करती है। नैतिक दृष्टिकोण से, कुछ व्यवसाय वरिष्ठ प्रबंधन की नैतिक मान्यताओं के कारण कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीतियों और प्रथाओं को अपना सकते हैं।

निगम कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परिप्रेक्ष्य के साथ काम करके दीर्घकालिक लाभ बढ़ाते हैं, लेकिन आलोचकों का तर्क है कि कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यवसार्यो की आर्थिक भूमिका से ध्यान भटकाता है। आलोचकों ने कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की "बहुल" और कभी–कभी "अवास्तविक अपेक्षाओं" पर सवाल उठाया है, इनके अनुसार कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व केवल दिखावा है, या शक्तिशाली बहुराष्ट्रीय निगमों पर निगरानी रखने वाले सरकारों की भूमिका को रोकने का एक प्रयास है ।

**कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व क्रियाकलापों में शामिल विषय हैं[7] –**

**(क) पर्यावरणीय स्थिरताः** पुनर्चक्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, पुनः प्रयोज्य सामग्री, 'हरित' आपूर्ति श्रृंखला, कागज के उपयोग को कम करना, और ऊर्जा और पर्यावरण डिजाइन (एलईईडी) भवन मानकों में नेतृत्व को अपनाना।

**(ख) मानव पूंजी वृद्धिः** कंपनियां स्थानीय कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराती हैं, जिसमें तकनीकी और पेशेवर प्रशिक्षण, वयस्क बुनियादी शिक्षा और भाषा कक्षाएं शामिल हैं।

**(ग) सामुदायिक भागीदारीः** इसमें स्थानीय दान के लिए धन जुटाना, स्वयंसेवक उपलब्ध कराना, स्थानीय कार्यक्रमों को प्रायोजित करना, स्थानीय श्रमिकों को रोजगार देना, स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करना, निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं में शामिल होना आदि शामिल हो सकते हैं।

**(घ) नैतिक विपणनः** जो कंपनियाँ उपभोक्ताओं को नैतिक रूप से विपणन करती हैं, वे अपने ग्राहकों को अधिक महत्व देती हैं और उन्हें ऐसे लोगों के रूप में सम्मान देती हैं जो अपने आप में अंतिम हैं। वे संभावित उपभोक्ताओं को हेरफेर करने या गलत विज्ञापन देने की कोशिश नहीं करते हैं। यह उन कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण है जो नैतिक रूप से देखी जाना चाहती हैं।

**(ड.) आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन :** बाल श्रम और जबरन श्रम से बचने, आपूर्तिकर्ताओं के नियमित सामाजिक और पर्यावरणीय ऑडिट आयोजित करने और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं का समर्थन करने सहित जिम्मेदार खरीद प्रथाओं को सुनिश्चित करना। इससे आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता और नैतिक मानकों को बढ़ाया जा सकता है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की मदद से, महिलाओं को सशक्त बनाया जा सकता है और लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके लिए, कंपनियाँ समावेशी कार्यस्थल संस्कृति को बढ़ावा दे सकती हैं और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में ला सकती हैं। साथ ही, स्थानीय बुनियादी ढांचे, शिक्षा, और संसाधनों में निवेश करके, कंपनियां उद्यमशीलता के लिए अनुकूल वातावरण बना सकती हैं।

**लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण–** लैंगिक समानता का अर्थ महिलाओं को पुरुषों की भांति समान अधिकार, उत्तरदायित्व और अवसर प्राप्त होना है। यह विश्वास किया जाता है कि पुरुषों और महिलाओं के अधिकार जिम्मेदारियाँ और अवसर उनके लिंग पर निर्भर नहीं होंगे। इस प्रकार यह लैंगिक असमानता को दूर करने का प्रयास करता है।[8] लैंगिक समानता को एक मानवाधिकार के मुद्दे और सतत जन केंद्रित विकास के लिए एक पूर्व शर्त और संकेतक दोनों के रूप में माना जाता है। महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया में महिलाओं को व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर सशक्त बनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपने जीवन के सभी पहलुओं पर नियंत्रण प्रदान करना और उन्हें पुरुषों के समान अवसर प्रदान करना है। लैंगिक समानता को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। इस प्रकार, भविष्य में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता प्राप्त करने से सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा। भारत को "विकसित भारत/2047" करना है तो यह महिलाओं के योगदान के बिना संभव नहीं है।

लैंगिक समानता सामाजिक सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। लैंगिक समानता और सशक्त महिलाओं वाले शांतिपूर्ण समाजों में लिंग आधारित हिंसा बहुत कम देखी जाती है जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज हत्या आदि शामिल हैं। लैंगिक समानता महिलाओं के वास्तविक सामाजिक समावेश को सुनिश्चित करने लिए आवश्यक है।[9] लैंगिक समानता का शैक्षिक महत्व भी है। शिक्षित लड़कियों के देर से विवाह करने, स्वस्थ बच्चे को जन्म देने और बच्चों को विद्यालय भेजने की अधिक संभावना होती है। इससे उनमें ज्ञान–विज्ञान की समझ विकसित होती है। इस प्रकार, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का एक गहरा

संबंध है। परिणामस्वरूप शिक्षित महिलाओं में अपने घर–परिवार, समाज और देश को समझने और विकसित करने के ज्ञान की अभिवृद्धि होती है। लैंगिक समानता का आर्थिक महत्व यह है कि लैंगिक समानता और समग्र विकास एवं बढ़ती आर्थिक समृद्धि के बीच एक मजबूत संबंध पाया गया है। महिलाओं को समान रोजगार के अवसर और उचित वेतन प्रदान करना कार्यस्थल में लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। इससे महिला श्रम बल भागीदारी दर और कौशल आधारित दृष्टिकोणों की विविधता को बढ़ावा मिलता है। लैंगिक समानता विविध दृष्टिकोण और प्रतिभाओं को बढ़ावा प्रदान करती है, इससे अधिक नवाचार और बेहतर समाधान मिलते हैं। इसके अलावा लैंगिक समानता का राजनीतिक महत्व यह है कि लैंगिक समानता के द्वारा राजनीतिक क्षेत्र में यह सुनिश्चित किया जाता है कि नीति निर्माण प्रक्रियाओं में महिलाओं के दृष्टिकोण और जरूरतों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। लैंगिक समानता से सभी नागरिकों को लाभ पहुंचाने वाले अधिक समावेशी और प्रभावी शासन का प्रबंधन किया जाता है।[10] राजनीतिक नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को प्रोत्साहित करना और उनका समर्थन करना, राष्ट्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों जैसे आर्थिक असमानता, सामाजिक अन्याय एवं जलवायु परिवर्तन के लिए अधिक विविध और नवीन समाधान मिल सकते है।

भारत में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण प्राप्त करना एक जटिल चुनौती है जो कि लैंगिक समानता के मार्ग को अवरूद्ध करते हैं। ऐतिहासिक विरासत से जुड़े कई कारक हैं जैसे भारत के कई हिस्सों में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, पुरुषों और महिलाओं के लिए सामाजिक–सांस्कृतिक मानदंड अब भी भेदभावपूर्ण बने हुए हैं। जहाँ पुरुषों को "दृढ़ स्वर" में बोलने की अनुमति है, वहीं महिलाओं से कम बोलने, शांत और विनम्र रहने की अपेक्षा की जाती है।[11] भारतीय समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी यह मानता है कि महिलाओं को सिर्फ घरेलू कार्यों तक सीमित रहना चाहिए। सभी आर्थिक जिम्मेदारियाँ और बाहरी कार्य सिर्फ पुरुषों के लिए माने जाते हैं। दहेज जैसी परंपरागत प्रथाओं और अन्य कारकों के कारण कई परिवारों के लिए लड़कियों को शिक्षित करना आर्थिक रूप से लाभहीन लगता है। इसलिए, भारत में महिलाओं की साक्षरता दर, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, अभी भी कम है। भारत में महिलाएँ कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, तस्करी, जबरन वेश्यावृत्ति, ऑनर किलिंग, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न आदि जैसी लिंग आधारित हिंसा की मूक पीड़ित बनी हुई हैं।

महिलाओं से जुड़ी भूमिका के रूढ़ीवादी चित्रण के कारण आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव होता है। महिलाओं को कर्मचारी के रूप में कम विश्वसनीय माना जाता है क्योंकि उनके पास बच्चों के पालन–पोषण और अन्य घरेलू जिम्मेदारियाँ होती हैं। "ग्लास सीलिंग इफेक्ट" की व्यापकता का अर्थ है कि भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में महिलाओं को न केवल अघोषित बाधाओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि पेशेवर सफलता के उच्च स्तर तक पहुँचने से भी रोका जाता है।[12] कम काम के अवसरों के साथ–साथ वित्त तक पहुँच का कम होना इस बात का संकेत करता है कि भारत में महिलाएं पुरुषों की तुलना में आर्थिक असमानता से पीड़ित हैं। यह उन्हें स्वतंत्र बनाने क प्रमुख बाधा बनी हुई है। रिश्तेदार उनके स्थान पर कार्यालय का संचालन करते हैं, अतः महिलाओं का भी अल्प राजनीतिक प्रतिनिधित्व ज्यादातर नाममात्र का होता है । भारत में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कानूनी ढांचा मौजूद है, लेकिन कमजोर प्रवर्तन प्रणाली एवं सामाजिक सोच के कारण उनका प्रभावी कार्यान्वयन एक चुनौती बनी हुई है। वैश्वीकरण और शहरीकरण ने महिलाओं को नये अवसर प्रदान किये हैं, लेकिन साथ ही उन्हें तस्करी और शोषण जैसी नई आशंकाओं से भी अवगत कराया है। लैंगिक असमानता सूचकांक रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, लैंगिक समानता के मामले में भारत 146 देशों में से 127 वें स्थान पर है।[13] राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (छठे.5, 2019–21) के अनुसार, भारत में समग्र लिंग अनुपात 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएँ हैं। हालाँकि, जन्म के समय लिंग अनुपात 929 से कम रहता है, जो जन्म के समय लिंग चयन जारी रहने का संकेत देता है। पुरुषों के लिए लगभग 84.7 प्रतिशत की तुलना में महिलाओं में साक्षरता दर 70.3: है।[14] राष्ट्रीय अपराध क्राइम व्यूरो (NCRB) की "क्राइम इन इंडिया" 2021 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4 लाख से अधिक मामले दर्ज किये गए थे। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2021–22 में कार्यशील आयु (15 वर्ष और उससे अधिक) की 32.8प्रतिशत महिलाएँ ही श्रमबल में थीं।[15] अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार, भारत में महिलाओं का 81.8 प्रतिशत रोजगार अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में केंद्रित है। वर्तमान में, संसद सदस्यों (MPS) की कुल संख्या का केवल 14.94प्रतिशत ही महिलाएँ हैं। भारत के निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2023 तक राज्य विधानसभाओं में महिला

प्रतिनिधित्व का औसत केवल 13.9 प्रतिशत है। अप्रैल 2023 से पंचायती राज मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार, लगभग 46.94 प्रतिशत पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधि महिलाएँ हैं।[16]

**लैंगिक समानता की प्रगति में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका–** भारत में कंपनियां महिलाओं के लिए समावेशी संस्कृति एवं भेदभाव मुक्त कार्यस्थल का निर्माण कर रही है। कार्यस्थलों पर पूर्वाग्रहों की समाप्ति, विविधता को बढ़ावा और समान अवसर प्रदान किया जा रहा है। कंपनियों को महिलाओं के समान कार्य के लिए समान वेतन देना सुनिश्चित करनी चाहिए। कंपनियां या निगम महिला उद्यमियों को मार्गदर्शन, वित्त पोषण और व्यवसाय विकास कार्यक्रमों के माध्यम से समर्थन देकर महिलाओं को सशक्त बना सकती है। कंपनियों को लैंगिक समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अपने कार्यबल से आगे बढ़ाना चाहिए। इसमें उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में महिलाओं के लिए उचित व्यवहार एवं अवसर सुनिश्चित करना आवश्यक है। कंपनियों को स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियों की वकालत करनी चाहिए। निगमों के कर्मचारियों, हितधारकों और ग्राहकों को लैंगिक समानता के मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के विभिन्न पहलुओं में महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य, प्रजनन अधिकार, मातृत्व अवकाश और मानसिक कल्याण को भी शामिल करना चाहिए।[17] कंपनियों को महिलाओं के नेतृत्वकारी जगहों पर सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षा और कौशल विकास करके कंपनियां महिलाओं का सर्वांगीण विकास कर सकती हैं। आगामी भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत महिलाओं की शिक्षा, कौशल, पोषण समानता, अधिकार और सहायक वातावरण का प्रबंध करना चाहिए। सरकार को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में महिलाओं के हित में नीतिगत हस्तक्षेप करना चाहिए।18 महिलाओं के नेतृत्व के लिए कंपनियों को कर्मचारी संसाधन समूह स्थापित करना चाहिए। इसके साथ ही कार्य–जीवन संतुलन को प्रोत्साहित करना चाहिए। कंपनियों द्वारा महिलाओं के लिए व्यापक नीतियों एवं प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए। कंपनियों को महिलाओं की हिंसा एवं अत्याचार के संदर्भ में गोपनीय एवं सुलभ रिपोर्टिंग तंत्र स्थापित करना चाहिए। इसके लिए बाहरी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी अभिकरणों के बीच साझेदारी होना आवश्यक है। महिलाओं के सहायतार्थ संसाधन उपलब्ध करना चाहिए। कंपनियों का महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए साझा दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

**निष्कर्ष–** भारत में लैंगिक असमानता या लैंगिक भेदभाव के लगातार बने रहने का मतलब है कि लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण प्राप्त करने के लिए एक व्यापक, बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है। इस तथ्य पर विचार करने की जरूरत है कि इतने सारे कानून होने के बावजूद समस्या बनी हुई है। इससे स्पष्ट है कि लैंगिक असमानता की सामाजिक समस्या का समाधान केवल कानून के माध्यम से नहीं किया जा सकता है। बल्कि इसके लिए निरंतर अभियान और सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन होना आवश्यक है। चूंकि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण का एक मजबूत संबंध है। अतः शिक्षा तक पहुंच को सक्षम बनाना महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे अच्छा उपकरण है। यह भारत में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और उनमें स्वयं के निर्णय लेने एवं निर्माण करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास पैदा करने के लिए आवश्यक है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बाजार – प्रासंगिक कौशल प्रदान करने से उन्हें श्रम बल में आसानी से प्रवेश करने में मदद मिलेगी। लघु वित्तपोषण जैसे साधनों के माध्यम से ऋण तक पहुँच को सक्षम बनाकर महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए सक्षम बनाया जा सकता है। यह, बदले में उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाएगा। महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए उनकी राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है। महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में बढ़ावा दिया जाना चाहिए भारत की प्रगति और विकास की वास्तुकार बन सकें। महिलाओं को राजनीति और नागरिक समाजों में भूमिकाओं में बढ़ावा देने के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

कंपनियाँ महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में ला सकती हैं। महिलाओं को उद्यमशीलता कौशल विकसित करने में मदद की जा सकती है। स्थानीय बुनियादी ढांचे, शिक्षा, और संसाधनों में निवेश किया जा सकता है। युवा महिलाओं के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों को वित्तपोषित किया जा सकता है। महिलाओं के अधिकारों की प्रत्याभूति देना और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के अवसर देना ज़रूरी है। महिलाओं को कॉर्पोरेट क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद की जा सकती है। लैंगिक समानता सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के अंतर्गत

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025

कंपनियां को महिलाओं के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन, समावेशी, भेदभाव मुक्त, पूर्वाग्रह से मुक्त, सभ्यता और संस्कृति की पूर्णता पर बल देना चाहिए। कार्यस्थल में महिलाओं की भागीदारी दर समावेशिता की माप को सरल करती है। कंपनियों में कार्यरत महिलाओं की सर्वेक्षण, निरीक्षण, जीवन संतुलन और कार्य कुशलता का आकलन करना चाहिए। अंत में यह कहा जा सकता है कि कंपनियों द्वारा उन सभी कार्यों, लक्ष्यों और नीतियों को पूरा करना चाहिए जो की महिलाओं के लिए हितकारी होते हैं।

## संदर्भ ग्रंथ सूची

1. चट्टोपाध्याय, अरुणधति (2006), इम्पावरिंग वुमेन, नई दिल्ली, योजना, पृ. 28.
2. उपरोक्त, पृ. सं० – 29.
3. अय्यर, मणि शंकर (2007), एक सामाजिक क्रान्ति, नई दिल्ली, कुरुक्षेत्र, पृ. सं०– 42.
4. उपरोक्त, पृ. सं० – 42.
5. Singh, S.K. & Singh, A.K. (2018), Corporate Social Responsibility in India Emerging Issues and Challenges, New Delhi, Serials Publications Pvt Ltd. Pg. No- 63.
6. उपरोक्त, पृ. सं० – 64.
7. Sundar, P. (2000), Beyond Business : From Merchant Charity to Corporate Citizenship, New Delhi, Tata McGraw Hill. Pg.No-39.
8. Singh, S.K. & Singh, A.K. (2018), Corporate Social Responsibility in India Emerging Issues and Challenges, New Delhi, Serials Publications Pvt Ltd. Pg. No- 67.
9. जोशी, एन. सी. (2008), वुमने वेल फेयर : एप्रिरोयरटी ऑन दि वुमेन्स एजेण्डा, नई दिल्ली, कुरुक्षेत्र, पृ. सं० – 13.
10. सिंह, दीपाली और नफीस ए अन्सारी (2008), दि इम्पावरमेण्ट ऑफ इंडिया वुमेन विद फाइव ईअर प्लान्स, नई दिल्ली, कुरुक्षेत्र, पृ.सं. 17.
11. जैन देवकी, (2007), वुमेन एण्ड प्लान, नई दिल्ली, योजना, पृ. सं०–61.
12. अय्यर, मणि शंकर (2007), एक सामाजिक क्रान्ति, नई दिल्ली, कुरुक्षेत्र, पृ. सं०– 43.
13. लैंगिक असमानता सूचकांक रिपोर्ट, 2023.
14. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 2019–21.
15. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य बीमा सर्वेक्षण, 2019–21.
16. समद, एम अब्दुल (2007), वुमेन इम्पावरमेण्ट एण्ड पंचायती राज इंस्टीट्यूशन्स, नई दिल्ली, कुरुक्षेत्र पृ. 38.
17. उपरोक्त, पृ. सं० – 40.
18. Singh, S.K. & Singh, A.K. (2018), Corporate Social Responsibility in India Emerging Issues and Challenges, New Delhi, Serials Publications Pvt Ltd. Pg. No- 68.

*****

**Sumangalam Prabha**
**A peer reviewed (Refereed) & open access journal**
RNI N0.- UPHIN/2009/31180
**PP.No.: 33-38**

**ISSN: 2250-1894**
Vol.-15, No.-IV, Issus-60
Year: Jan-Mar 2025
Impact Factor: 2.535

# सतत विकास लक्ष्य (SDG's) और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) : एक समीक्षा

**जितेन्द्र भारती**
शोध अध्येता–राजनीति विज्ञान विभाग,
विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग (झारखण्ड )

औद्योगिक क्रांति के बाद उद्योगवाद विकास के सभी विचारों में प्रमुख हो गया है। विकास की वर्तमान शैली बहुत कुछ उद्योगों पर आधारित और वृद्धि की ओर उन्मुख है। मानव विकास की संकल्पना यद्यपि मानव की आर्थिक प्रगति की ओर निर्देशित करती है।[1] फिर भी उद्योगवाद ही प्रमुख है। सतत विकास, पर्यावरण, शिक्षा, लैंगिक समानता, भुखमरी, बीमारी इत्यादि गतिविधियों से संबंधित मुख्य पर प्रश्न उठता है। वर्ष 2000 में, संयुक्त राष्ट्र संघ में भाग लेने वाले 191 देशों के प्रतिनिधियों ने न्यूयॉर्क में सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों पर सहमति व्यक्त की थी।[2] इन लक्ष्यों का एक प्रमुख केन्द्रबिन्दु बुनियादी मापदंडों और इसका दायरा निहित रूप से विकासशील देशों पर था। इन लक्ष्यों को समग्र रूप से अपनाने में सार्वभौमिकता की कमी हुई है। यह स्थिरता की ओर बढ़ने का पहला बड़े पैमाने पर वैश्विक प्रयास था। विश्व के देशों में दूरदराज क्षेत्रों में इन समस्याओं को हल करने का यह एक कठिन कार्य है। कई लोग जो गरीबी से बच नहीं पाए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए, या हिंसा से सुरक्षा प्राप्त नहीं कर पाए हैं। वर्ष 2015 में, दुनिया की आबादी अत्यधिक गरीबी, कुपोषित, नाजुक परिस्थितियों में रहते थी। इन सभी मुद्दों को भी हल करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सत्रह (17) सतत् विकास लक्ष्यों के माध्यम से इन वैश्विक मुद्दों के समाधान का प्रस्ताव दिया था, जिसे 193 सदस्य देशों द्वारा स्वीकार किया गया था। ये प्रतिबद्ध देश सभी उपलब्ध मानव, वित्तीय और तकनीकी संसाधनों के साथ सतत विकास लक्ष्य को लागू करते हैं।

विश्व में जलवायु परिवर्तन, कार्बन, जैव विविधता और जैव–रासायनिक कारकों के महत्वपूर्ण चक्रों के स्थिर कामकाज के साथ–साथ गरीबी में कमी अब सभी विकासशील और विकसित देशों का एकमात्र ध्यान केंद्रित नहीं रह सकती है । वित्तीय और बुनियादी ढाँचों के विकास का लाभ जल्द ही दीर्घकालिक स्थिरता के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर होने वाले हानिकारक प्रभाव के नतीजों से कम हो जाएंगे। इस भावना के साथ, सतत विकास लक्ष्य स्थिरता के समग्र दृष्टिकोण की क्षमता को पूरा करने और गरीबी, भुखमरी से लेकर जलवायु परिवर्तन और वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण तक सभी क्षेत्रों को संबोधित करने का वादा करता है। सतत विकास लक्ष्य की यह यात्रा टिकाऊ दुनिया के एक नए दृष्टिकोण को बनाए रखने और गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने और पृथ्वी की जीवन समर्थक प्रणालियों पर उच्च लागत लगाए बिना वित्तीय मोर्चों पर स्थायी लाभ हासिल करने की योजना के शुरुआती चरणों को प्रदान करने की दृष्टि से शुरू हुई। इस विकास के लिए प्रतिबद्ध सभी देशों के साथ जुड़े पैमाने, विविधता, जटिलता और राजनीतिक परिदृश्य हैं। सुधार और स्थिरता पर मौजूदा कार्यक्रमों का विस्तार करने की आवश्यकता है क्योंकि मौजूदा परियोजनाओं में कोई भी महत्वपूर्ण व्यवधान समग्र दीर्घकालिक योजना को पटरी से उतार सकता है।

राष्ट्रीय प्रणालियों के अल्पकालिक कामकाज को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। एसडीजी द्वारा मान्यता प्राप्त दिशा और दृष्टि में मौजूदा परियोजनाओं को संचालित करने के लिए योग्यता, क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति में सुधार लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और उद्योग क्षेत्रों में उल्लेखनीय परिवर्तन की आवश्यकता है।

सतत विकास लक्ष्यों में प्रत्येक लक्ष्य मौलिक और सम्मोहक एजेंडा प्रस्तुत करता है। दुनिया को एक स्थायी और लचीले रास्ते पर ले जाने के लिए अभूतपूर्व दायरे और महत्व की तत्काल आवश्यकता है। सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, कुछ प्रमुख कारकों पर विचार किया जाता है, जैसे – सार्वभौमिकता कोई भी पीछे न छूटे, केवल संख्याओं के बजाय वास्तविक प्रभाव, व्यवसाय और अन्य हितधारकों का साथ मिलना, ग्रह की रक्षा करना और वैश्विक शांति पर ध्यान केंद्रित करना।[3] इस जटिलता को देखते हुए, सतत विकास लक्ष्यों को केवल आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आयामों पर एकीकृत दृष्टिकोण और प्रयासों के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इन लक्ष्यों में 169 लक्ष्य और प्रासंगिक संकेतक हैं जो हमारे समाज के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने का वादा करते हैं। इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संस्कृति, भौगोलिक मापदंडों, आर्थिक स्थिति, राजनीतिक मान्यताओं और संसाधनों की उपलब्धता में व्यापक विविधता को ध्यान में रखते हुए, सभी देशों को इन 169 मापदंडों और 17 लक्ष्यों को अपनी परिस्थितियों के अनुरूप बनाने और उन्हें अनुकूलित करने की लचीलापन प्रदान की गई है।

**अनुरूपी लेखक / संयुक्त लेखक**

सतत विकास लक्ष्य और कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की संकल्पना – संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण और विकास के विश्व आयोग (WECD) द्वारा अपनी प्रतिवेदन (1987) में 'हमारा साझा भविष्य' में विकास और पर्यावरण संबंधी सतत विकास की पहली आधिकारिक परिभाषा दी गई थी।4 इसे ब्रंटरलैंड कमीशन रिपोर्ट कहा जाता है। यह नाम इसे इसके अध्यक्ष Garo Harlem Brundtland के नाम के कारण दिया गया था। सतत विकास की संकल्पना वर्तमान की आवश्यकताओं को भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं को पूरा करने में विश्वास करता है।[5] दूसरी ओर कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का सरोकार किसी कंपनी की अपनी कार्यप्रणाली, उद्देश्यों और गतिविधियों में समाज के प्रति उत्तरदायित्व से है।[6] कंपनी अधिनियम (2013) की अनुसूची सात में शिक्षा, निर्धनता, गरीबी, भुखमरी, लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण, महामारी, पर्यावरण संवहनीयता इत्यादि में कंपनी की भूमिका निर्धारित की गई है।

**सतत विकास लक्ष्य और कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–** कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का लक्ष्य सभी प्रक्रियाओं में साझा मूल्य सृजन करना है। संयुक्त राष्ट्र ने सरकारों द्वारा निर्देशित "सतत विकास के लिए वैश्विक भागीदारी" ढांचे को निर्धारित किया है।[7] यह सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सभी की भागीदारी और कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बहु–हितधारक साझेदारी को बढ़ावा देता है। इससे औद्योगीकरण के युग में लागत का कम करने के तरीके खोजने में मदद मिली है। यदि इन गतिविधियों का समाज या पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता, तो उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। कॉर्पोरेट व्यवहार में सामाजिक घटक की उत्पत्ति रोमन कानूनों और शरण, अनाथालयों, नर्सिंग होम जैसी संस्थाओं में देखी जा सकती है। कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में कर्मचारियों की सुरक्षा और उन्हें बनाए रखने के लिए एक दृष्टिकोण अपनाया गया और कुछ कंपनियों ने लोगों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने पर भी ध्यान दिया। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निर्माण का विकास वर्ष 1950 के दशक में आरंभ हुआ। वर्ष 1960 और 1970 के दशक के दौरान, बड़े कॉरपोरेट्स सामाजिक रूप से जागरूक होने से लेकर शामिल होने की ओर बढ़ने लगे। "कॉर्पोरेट सामाजिक भागीदारी" के इर्द–गिर्द पहली औपचारिक सूत्रपात 1970 के दशक में हुई थी। कॉर्पोरेट सामाजिक जागरूकता, कॉर्पोरेट सामाजिक भागीदारी, कॉर्पोरेट सामाजिक प्रदर्शन, हितधारक प्रबंधन, नैतिक व्यवसाय जैसे कई विषय इन समयों के दौरान उभरे। कंपनियां वर्ष 1990 के दशक में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की गाड़ी में शामिल हो गईं। शेयरधारक अधिकतम लाभ कमाने के लिए सामाजिक गतिविधियों पर किसी भी खर्च को "कंपनी की लागत" के रूप में देखते थे। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और वित्तीय प्रदर्शन के बीच संबंधों की जांच करने के लिए अनुभवजन्य अध्ययन हुए हैं। कई विद्वानों ने एक संगठन की कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों द्वारा प्राप्त आर्थिक लाभों का मूल्यांकन किया है। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व उद्यमियों की ओर से एक व्यवसाय संचालित और स्व–प्रेरित गतिविधि है।[8]

**सतत विकास लक्ष्य और कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच समन्वय और संसाधन–** कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सतत विकास लक्ष्य के मध्य किसी भी समन्वय का आकलन करने के लिए, विद्वान और व्यवसायी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व साहित्य में सिद्धांतों के लिए अपनी गतिविधियों की अच्छाई को मान्य कर सकते हैं। औद्योगिक क्रांति के आगमन से ही, इसके फोकस या कमी का, संगठनों ने स्वयं स्थिरता के साथ संरेखण पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डाला है। इस दृष्टिकोण ने फर्मों को कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों को करने के लिए प्रेरित किया। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की स्थायी गतिविधियाँ उनके कर्मचारियों और जिस समाज में वे काम करते हैं, उनके बीच ब्रांड जागरूकता और प्रतिधारण को बढ़ाती हैं।9 सामाजिक अनुबंध सिद्धांत के लिए कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों का संरेखण सतत विकास लक्ष्य की संसाधन आवश्यकताओं के प्रति कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के संरेखण की पुष्टि करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों द्वारा लाभान्वित संस्थागत सिद्धांत संगठन के कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच ब्रांड की प्रतिष्ठा में सुधार कर रहा है। वे कंपनी के साथ उनके रोजगार की अवधि, वेतन, अन्य भत्ते, सामुदायिक भागीदारी और कई अन्य नौकरी संतुष्टि संकेतकों के संबंध में दस हजार से अधिक कर्मचारियों के डेटा का विश्लेषण किया। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से आंतरिक और बाह्य रूप से ब्रांड के प्रबंधन के दोनों तरीकों ने ग्राहकों की वफादारी में बढ़ोतरी दिखाई है। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की कार्रवाइयाँ बेहतर सेवा गुणवत्ता के कारण मनोवृत्तिगत वफादारी और व्यवहारिक वफादारी को प्रभावित करती हैं। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियाँ मौद्रिक लाभों के अलावा ब्रांड की छवि और प्रतिष्ठा में सुधार करती हैं। कंपनियां ब्रांड निर्माण और

संवर्द्धन के लिए मध्यम से लंबी अवधि में लाभ उठाती हैं इसके साथ ही समाज को भूख, गरीबी, जल स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती हैं।

कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियाँ पूरी तरह लाभ के लिए संचालित की जाती है। इस कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों का मुख्य फोकस शेयरधारकों के रिटर्न को बढ़ाना है। भारत में कोका–कोला केस स्टडी द्वारा समझाई गई कॉमन्स की त्रासदी स्पष्ट रूप से इसके संचालन में असाधारण वादों, पारदर्शिता की कमी और जवाबदेही को दर्शाती है। इस विशेष मामले में किए गए सभी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रयास शेयरधारकों और ग्राहकों द्वारा मजबूर किए गए थे। कंपनी ने लाभप्रदता पर कोई प्रभाव नहीं सुनिश्चित करने के लिए उन्हें निष्पादित किया, भले ही यह समाज द्वारा साझा किए गए साझा संसाधन की कीमत पर हो। इस तरह के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को व्यवसायों पर स्वयं पर बोड़ा के रूप में माना जाता है यदि कंपनी के संचालन का समाज या पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल या हानिकारक प्रभाव पड़ता है, तो उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है।10 ऐसे मामलों में कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियाँ "कवर अप" के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित होती हैं और राष्ट्रीय स्थिरता आवश्यकताओं को प्राप्त करने में सकारात्मक रूप से योगदान नहीं देती हैं।

विकासशील देशों में सतत विकास लक्ष्य पर भारत, चीन और ब्राजील जैसी अर्थव्यवस्थाओं का प्रदर्शन वैश्विक परिणाम को प्रभावित करेगा। इस अध्ययन से यह जानकारी मिलेगी कि क्या कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व ने अपना ध्यान परोपकारी, कॉर्पोरेट समुदाय की भागीदारी से हटाकर जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, टिकाऊ उपभोग और उत्पादन, समुद्री जीवन और वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के क्षेत्रों में अधिक प्रभावशाली सामाजिक पहलुओं की ओर केंद्रित किया है। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का क्षेत्रीय विश्लेषण यह निर्धारित करने में मदद कर सकता है कि क्या केवल पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले क्षेत्रों वाली व्यक्तिगत कंपनियाँ ही यथास्थिति बनाए रखते हुए सतत विकास लक्ष्य बैंडवागन में शामिल हुई हैं। अंत में, एक भौगोलिक विश्लेषण इस बात पर प्रकाश डालेगा कि क्या कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पूरे देश में को प्राप्त करने का एक व्यापक साधन बन सकता है या केवल उद्योगों के करीब के क्षेत्रों तक ही सीमित रह सकता है।

**कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के गतिविधियों के सिद्धांत –**

